NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष
www.nnindianews.com
वर्ष :05, अंक :-209, पृष्ठ : 12 | बुधवार, 04 फरवरी, 2026 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र



## मोबाइल गेम की लत 3 बहनें 9वीं मंजिल से कूदीं, मौत

# सॉरी मम्मी-पापा गेम नहीं छोड़ पाएंगे

गाजियाबाद। टीलामोड़ थानाक्षेत्र इलाके में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक ही परिवार की तीन नाबालिग बहनों ने 9वीं मंजिल से कूदकर अपनी जान दे दी। तीन बेटियों की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों के कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है।

बताया जा रहा है कि ये तीनों बहनें पिछले कुछ महीनों से ऑनलाइन गेम खेलने की आदी हो चुकी थीं और कोरोना महामारी के बाद से इनका स्कूल भी रेगुलर नहीं था। किशोरियों की उम्र 16, 14 और 12 वर्ष थी। उनके पिता ऑनलाइन ट्रेडिंग का काम करते हैं और तीन साल से भारत सिटी सोसायटी में किराये पर रह रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक, मामला मंगलवार देर रात करीब दो बजे का है। किशोरियों के माता-पिता दूसरे कमरे में सो रहे थे। तीनों बहनों ने अपने कमरे की खिड़की से छलांग लगा दी। यह भी कहा जा रहा है कि तीनों बहनें पिछले कुछ माह से ऑनलाइन टास्क बेस्ड कोरियन लवर गेम खेल रही थीं। कोरोना के बाद से तीनों पढ़ाई भी छोड़ चुकी थीं।




### सुसाइड नोट में लिखा- सॉरी पापा; रोती हुई इमोजी बनाई

किशोरियों के कमरे से पुलिस को आठ पेज का एक सुसाइड नोट मिला है। इस सुसाइड नोट में उन्होंने मम्मी-पापा से सुसाइड करने के लिए माफी मांगी। सुसाइड नोट में लिखा- 'इस डायरी में जो कुछ भी लिखा है, वो सब पढ़ लो क्योंकि ये सब सच है। आई एम सॉरी, पापा।' सुसाइड नोट में एक इमोजी भी बना है, जिसमें एक लड़की रोते हुए दिखाई गई है।'.

एसीपी शालीमार गार्डन अतुल कुमार सिंह ने बताया कि चेतन कुमार ऑनलाइन ट्रेडिंग का करते हैं और तीन वर्ष से भारत सिटी सोसायटी में किराये पर रह रहे हैं, मूल रूप से दिल्ली निवासी हैं। तीनों शव पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवा दिए हैं। मोबाइल कब्जे में लेकर जांच की जा रही है। अतुल कुमार सिंह ने कहा, 'रात करीब 2:15 बजे सूचना प्राप्त हुई कि भारत सिटी में नौवीं मंजिल की बालकनी से तीन बच्चियां कूद गई हैं। मौके पर तीन बच्चियों की गिरने के कारण मौत हो गई है। तीनों को अस्पताल लोनी भेजा गया। डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस द्वारा अन्य कार्रवाई की जा रही है।'

गाजियाबाद के डीसीपी निमिष पाटिल ने कहा, 'अभी तक की जांच में सामने आया है कि तीनों बच्चियों ने आत्महत्या की है। हमें एक नोट भी प्राप्त हुआ है जिसकी आधिकारिक जांच की जा रही है। जांच में किसी ऐप का नाम नहीं है, लेकिन नोट में लिखा है कि लड़कियां कोरियन कल्चर से प्रभावित थी। उसी के चलते उन्होंने आत्महत्या की है। लड़कियों के पिता की दो शादियां हुई थी, इनकी माता अलग-अलग हैं।'

# एसआईआर पर सुनवाई: सुप्रीम कोर्ट पहुंचीं सीएम ममता, खुद दलीलें रख सकती हैं


**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट बुधवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (एसआईआर) के खिलाफ याचिका पर सुनवाई होनी है। सुनवाई के लिए ममता सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई हैं। इसके लिए सुप्रीम कोर्ट के बाहर बड़ी तादाद में पुलिस फोर्स तैनात है।

बंगाल सीएम ने अपनी याचिका में बंगाल में चल रहे एसआईआर के तहत वोटर लिस्ट संशोधन को चुनौती दी है। उनका आरोप है कि बंगाल में चल रहा एसआईआर मनमाना है, और चुनावों से पहले



बड़े पैमाने पर मतदाताओं को बाहर किए जाने का खतरा है।

ममता की मांग है कि 2026 पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव पुरानी सूची के आधार पर ही कराए जाएं। बनर्जी अपने वकीलों के साथ कोर्ट रूम नंबर एक में मौजूद हैं। मंगलवार को उनके नाम पर एक गेट पास जारी किया गया था। सूत्रों के मुताबिक, एलएलबी डिग्री होल्डर ममता कोर्ट में खुद अपनी दलीलें भी रख सकती हैं। मामला उखक सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच में है। इन याचिकाओं में ममता के अलावा मोस्तारी बानू और तृणमूल कांग्रेस के सांसद डेरेक ओ ब्रायन और डोला सेन की याचिकाएं भी शामिल हैं।



# एमपी-यूपी समेत 7 राज्यों में घना कोहरा

## अंबाला, कानपुर, बरेली, ग्वालियर में विजिबिलिटी जीरो; दिल्ली में आंधी चलने का अलर्ट





**नई दिल्ली।** देश के उत्तरी राज्यों पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली, यूपी, बिहार, उत्तराखंड, हिमाचल और जम्मू-कश्मीर में मौसम लगातार सर्द बना हुआ है। बर्फबारी के बाद उत्तराखंड, हिमाचल और जम्मू-कश्मीर के सभी जिलों में तापमान 10 डिग्री से नीचे रिकॉर्ड किया गया।

मैदानी राज्यों में उत्तर से आनी वाली हवाओं ने फिर से सर्दी बढ़ा दी है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, पंजाब-चंडीगढ़, हरियाणा दिल्ली में सुबह से घना कोहरा छाया है। सुबह 6.30 बजे आदमपुर, अंबाला, कानपुर, बरेली, प्रयागराज, ग्वालियर में विजिबिलिटी जीरो रही।

मौसम विभाग ने दिल्ली में बिजली गिरने और 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चलने का अलर्ट जारी किया है। पड़ोसी राज्य हरियाणा और चंडीगढ़ में भी ऐसे ही हालात रहने की आशंका है।

अगले 7 दिन में पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र तीन पश्चिमी विक्षोभ यानी वेस्टर्न डिस्टरबेंस से प्रभावित रहेगा। यानी पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी और मैदानी इलाकों में ओला-बारिश और सर्द हवाएं चलेंगी।

वेस्टर्न डिस्टरबेंस भूमध्यसागर क्षेत्र से आने वाला पश्चिमी हवाओं का मौसमी सिस्टम है, जो उत्तर भारत में सर्दियों के दौरान बारिश और पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी कराता है।

**अगले 2 दिन का मौसम**

**5 फरवरी:** दिल्ली में घने कोहरे का यलो अलर्ट जारी किया गया है। पंजाब के 15 जिलों में घने कोहरे की चेतावनी है। मध्य प्रदेश के 20 जिलों में बारिश का अलर्ट है।

**6 फरवरी:** हिमाचल प्रदेश के चंबा, कुल्लू लाहौल स्पीति और किन्नौर जिले में हल्की बर्फबारी की वॉर्निंग दी है। शिमला, मंडी और कांगड़ा में बारिश का अलर्ट है।

**प्रयागराज में बूंदाबांदी, 21 जिलों में घना कोहरा**

यूपी में मौसम की उलटफेर जारी है। बुधवार को फिर से कोहरा लौट आया। सुबह लखनऊ-कानपुर, झांसी समेत प्रदेश के 21 जिलों में घना कोहरा छाया रहा। कई जगह विजिबिलिटी शून्य पर पहुंच गई। प्रयागराज में बुधवार सुबह से बूंदाबांदी हो रही है। कानपुर-आगरा, लखनऊ में कोहरा बारिश की तरह गिर रहा है। सड़कें गीली हो गई हैं। बर्फीली हवाएं चल रहीं हैं। ज्यादार शहरों में बादल छाए हैं। धूप नहीं निकल रही। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अभी दो से तीन दिन ऐसा ही मौसम रहेगा। 24 घंटे में बुलंदशहर सबसे ठंडा रहा। पारा 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

इससे पहले, मंगलवार को 10 जिलों में भी झमाझम बारिश हुई। उन्नाव, चित्रकूट, हरदोई और इटावा में ओले गिरे। सड़कों पर बर्फ की सफेद चादर बिछ गई। ओलावृष्टि से फसलों को काफी नुकसान हुआ। सीएम योगी ने अफसरों को बारिश के चलते हुए नुकसान का आकलन करने के निर्देश दिए हैं।

# उधमपुर के जंगल में मुठभेड़ जैश का एक आतंकी ढेर



**जम्मू।** सुरक्षाबलों ने जैश-ए-मोहम्मद के दो-तीन आतंकियों के छिपे होने की सूचना के बाद क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू किया था। सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ के बाद पूरे इलाके की घेराबंदी कर ली और देर रात तक तलाशी अभियान चलाया।

जम्मू-कश्मीर में उधमपुर जिले के बसंतगढ़ क्षेत्र में मंगलवार शाम करीब चार बजे शुरू हुई मुठभेड़ में एक आतंकी को मार गिराने की सूचना है। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। सुरक्षाबलों ने जैश-ए-मोहम्मद के दो-तीन आतंकियों के छिपे होने की सूचना के बाद क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू किया था। सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ के बाद पूरे इलाके की घेरबंदी कर ली और देर रात तक तलाशी अभियान चलाया।

सूत्रों के मुताबिक, पिछले कुछ समय से बसंतगढ़ में जैश के आतंकियों के सक्रिय होने का इनपुट मिल रहा था। मंगलवार को सूचना मिली कि जोफड़ के जंगल में किया गांव के आसपास संदिग्ध गतिविधियां देखी गई हैं। इसके बाद ऑपरेशन शुरू किया गया। इसमें सीआईएफ डेल्टा, व्हाइट नाइट कोर, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ के जवान शामिल रहे। एक अधिकारी ने बताया कि ऑपरेशन के दौरान शाम करीब चार बजे आतंकियों से सामना हुआ। आतंकियों ने खुद को घिरा देख फायरिंग कर दी। इस पर जवानों ने तुरंत कार्रवाई की। करीब 20 मिनट फायरिंग हुई। सेना ने बताया कि बसंतगढ़ क्षेत्र में घेराबंदी कर दी गई है और ऑपरेशन जारी है। संवाद

इससे पहले 31 जनवरी को सेना, पुलिस और सीआरपीएफ के जवानों की किश्तवाड़ के जंगल में मुठभेड़ हुई थी। इसमें तीन जवान घायल हुए थे।

# अवसानेश्वर मंदिर में 8 किलो चांदी समेत 25 लाख की चोरी

**बाराबंकी।** हैदरगढ़ स्थित श्री अवसानेश्वर महादेव मंदिर में मंगलवार रात चोरों ने आस्था को निशाना बनाते हुए बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर मंदिर के गर्भगृह तक घुस गए और चांदी के छत्र समेत करीब 8 किलो चांदी व अन्य कीमती पूजा सामग्री लेकर फरार हो गए। चोरी की कुल कीमत करीब 25 लाख रुपये आंकी जा रही है।

बुधवार सुबह जब पुजारी मंदिर पहुंचे तो टूटा ताला और बिखरा सामान देखकर चोरी का खुलासा हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल की बारीकी से जांच शुरू की। साथ ही मंदिर परिसर और आसपास के मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस के मुताबिक, चोरों ने मंदिर के चैनल गेट का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया। प्रत्यक्ष संकेतों से सामने आया है कि एक चोर ने मंकी मास्क पहन रखा था, जिससे पहचान छिपाई जा सके। हैदरगढ़ के कोतवाल अभिमन्यु मल्ल ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही खुलासा करने का प्रयास किया जाएगा।


# मशहूर शायर मुनव्वर राणा की बेटी को उनके पति ने तीन तलाक दिया

**लखनऊ।** यूपी की राजधानी लखनऊ से एक बड़ी खबर है। लखनऊ में मशहूर शायर मुनव्वर राणा की बेटी को तीन तलाक देने का मामला सामने आया है। शायर मुनव्वर राणा की बेटी हिबा राणा ने आरोप लगाया है कि उनके पति सैय्यद मो.साकिब ने उन्हें तीन तलाक दिया है। सआदतगंज पुलिस ने तीन तलाक का केस दर्ज कर लिया है और मामले की जांच में जुट गई है।

मुनव्वर की बेटी हिबा ने अपने पति और ससुरालवालों पर दहेज मांगने का भी आरोप लगाया है। हिबा की तरफ से पुलिस में जो शिकायत दर्ज कराई गई है, उसमें ये बताया गया है कि हिबा और साकिब का निकाह 19 दिसंबर 2013 को हुआ था। इस दौरान दहेज में 10 लाख रुपए और सोने-चांदी के आभूषण दिए गए थे। हिबा का आरोप है कि ससुरालवाले उससे 20 लाख रुपए की मांग कर रहे थे और इसके लिए उससे मारपीट भी की जाती थी। हद तो तब हो गई जब पति ने हिबा को धक्के मारकर घर से निकाल दिया और तीन तलाक दे दिया। आरोप ये भी है कि साकिब द्वारा हिबा को जान से मारने की धमकी भी दी गई है।

मुनव्वर राना का नाम देश के प्रमुख शायरों में बड़े आदर के साथ लिया जाता है। वह उर्दू साहित्य के बड़े नाम थे। उनका निधन 15 जनवरी 2024 को 71 वर्ष की आयु में लखनऊ में हुआ था। उन्हें 2014 में साहित्य अकादमी पुरस्कार भी मिला था। मुस्लिम महिला (विवाह पर अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 2019 के तहत 1 अगस्त 2019 से तीन तलाक कानून लागू है। इस कानून के तहत तीन तलाक पूरी तरह अवैध है। यानी कोई भी व्यक्ति किसी महिला को तीन तलाक नहीं दे सकता है।

# एपस्टीन फाइल पर सवाल से महिला रिपोर्टर पर भड़के ट्रंप



**वाशिंगटन।** जेफरी एपस्टीन फाइल से जुड़े खुलासों ने अमेरिका से लेकर दुनिया भर में भूचाल मचा दिया है। रोजाना इसके एक-एक पन्ने और वीडियो तहलका मचा रहे हैं। एपस्टीन से जुड़े जांच के दस्तावेजों की नवीनतम एपस्टीन फाइल के रिलीज होने पर अमेरिका में राजनीतिक तूफान मचा हुआ है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुश्किलें इस मामले में लगातार बढ़ती जा रही हैं। ट्रंप से एपस्टीन फाइल को लेकर जब एक महिला रिपोर्ट ने सवाल पूछा तो वह उस पर बुरी तरह भड़क उठे और उसे भला-बुरा कहने लगे।

महिला रिपोर्टर के एपस्टीन फाइल के खुलासे पर पूछे गए सवाल पर ट्रंप ने कहा, मैं तुम्हें दस साल से जानता हूं। तुम बहुत खराब रिपोर्टर हो। मुझे नहीं लगता कि मैंने तुम्हारे चेहरे पर कभी मुस्कान देखी है। तुम्हें पता है तुम क्यों नहीं मुस्कुरा रहे हो? क्योंकि तुम जानते हो कि तुम सच नहीं बोल रहे हो। तुम एक बहुत ही बेईमान संगठन हो, और उन्हें तुम पर शर्म आनी चाहिए। तुम्हारे चैनल की टीआरपी बहुत खराब है। कोई उसे पसंद नहीं करता। अमेरिकी न्याय विभाग ने पिछले शुक्रवार यानी 30 जनवरी को एपस्टीन फाइल्स ट्रांसपेरेंसी एक्ट के तहत 30 लाख से अधिक पेज जारी किए, जिसमें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का नाम सैकड़ों-हजारों बार आया है। इनमें एफबीआई द्वारा संकलित यौन शोषण के आरोपों की सूची, ईमेल, फोटो और अन्य सामग्री शामिल है।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। **RNI Registration No., UPHIN/2021/88376।** प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार। E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया


# शब-ए-बारात: मरहूमों के हक में पढ़ी दुआएं

- रात में कब्रिस्तानों में पहुंच की मगफिरत की दुआएं
- मस्जिदों में अदा की नफिल नमाजें, गुनाहों से तौबा

एनएनआई





मुस्लिम कैलेंडर के मुताबिक शाबान माह की 14 तारीख को शब-ए-बारात का त्योहार मनाया जाता है। इबादत, तिलावत और सखावत (दान-पुण्य) का यह पर्व मंगलवार को शहर SIR के मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पूरे अकीदत के साथ मनाया। मस्जिदों और कब्रिस्तानों में खास सजावट की गई। घरों में हलुए पर फातिहा दिलाई गई। शाम कों इंशा की नमाज के बाद से पूरी रात मुस्लिम समुदाय के लोग इबादत में मशगूल रहे।

**आगरा।** शहर मुस्लिमों ने शब-ए-बारात की रात बड़े ही एहतराम के साथ मनाई। इस मौके पर दिन भर इबादत का दौर चलता रहा। रात में समाज के लोगों ने मस्जिदों में नफिल नमाजें अदा कीं और कब्रिस्तान पहुंचकर अपने मरहूमों के हक में दुआएं पढ़ीं। इस मौके पर मुस्लिम समाज लोगों ने घरों में हलवा-रोटी पर फातिहा दिलाई। इस दौरान सभी मस्जिदों में सुबह से लेकर रात बर इबादत का दौर चलता रहा। शहर की सभी मस्जिदों में विशेष नमाज अदा की गई। नमाज के बाद बलाए आफत, लोगों की रोजी-रोटी, अखलाक-मोहब्बत बरकरार रहने और देश की खुशहाली व तरक्की के लिए दुआएं मांगी। मस्जिदों में विशेष नमाज के बाद रात में और सुबह फज्र की नमाज के बाद समाज के लोग अपने मरहूमों के हक में दुआएं पढ़ने के लिए कब्रिस्तान पहुंचे। यहां पर लोगों न एहतराम के साथ अपने मरहूमों की कब्रों पर फूल पेश किए और उनके हक में बारी ताला से दुआएं मांगी। इस मौके पर शहर भर की मस्जिदों और कब्रिस्तानों में रौशनी की गई थी।

### जगह-जगह जलसों में हुई तकरीरें

शब-ए-बारात के मौके पर शहर में जगह-जगह आयोजित किए गए जलसों में उलेमा-ए-इकराम ने तकरीरों में गुनाहों से माफी की इस रात की फजीलत बताई। रात भर चले जलसों में सुनने वालों का भारी जमावड़ा लगा रहा। मंटोला, बालूगंज, पंचकुइयां कब्रिस्तान, ताजगंज, बालूगंज, ख्वासपुरा, बिल्लोचपुरा सहित शहर में करीब डेढ़ सौ जगहों पर हुए जलसों में उलेमाओं ने इस्लामी रिवायतों पर तकरीरें पेश कीं।

### क्यों मनाया जाता है

पिछले साल किए गए अमाल (कर्मों) का लेखा-जोखा तैयार करने और आने वाले सालों की तकदीर तय करने वाली इस रात को पूरी तरह इबादत में गुजारा जाता है। नमाज, तिलावत, कब्रिस्तानों की जियारत और हैसियत के मुताबिक खैरात करना इस रात के अहम काम हैं। इस रात को अल्लाह अपने बंदों की जिन्दगी का हिसाब-किताब करता है।

### सीकरी में भी रातभर इबादत, अमन चैन की दुआएं

फतेहपुर सीकरी में शबे बारात के मौके पर मुस्लिम समाज के महिला, पुरुष और बच्चों ने मस्जिद, ईदगाह और मजारों पर रातभर इबादत की। नमाज अदा की गई, कुरान शरीफ पढ़ा गया और महफिले मिलाद में अल्लाह का जिक्र किया गया। इबादत के दौरान अल्लाह से अपने गुनाहों की माफी मांगी गई और देश में अमन-चैन व भाईचारे के लिए दुआएं की गईं। इबादत के बाद लोगों ने अपने पूर्वजों और मृत आत्माओं की शांति के लिए अल्लाह से दुआ की और उनकी कब्रों व मजारों पर पुष्प अर्पित किए।

# आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर बस पलटी, मासूम की मौत




एनएनआई

- दिल्ली से गोरखपुर जा रही डबल डेकर बस, 12 से ज्यादा यात्री घायल

**फिरोजाबाद।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर देर रात एक डबल डेकर बस पलट गई। इस हादसे में गोरखपुर निवासी कृष्णा यादव के तीन माह के बेटे शुभ की मौके पर मौत हो गई, जबकि एक दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए। बस दिल्ली के कश्मीरी गेट से गोरखपुर जा रही थी।

यह दुर्घटना नसीरपुर थाना क्षेत्र में माइल स्टोन 54-55 के बीच मंगलवार रात करीब 2:30 बजे हुई। बस के अनियंत्रित होकर पलटने के बाद यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर यूपीडा की एंबुलेंस और स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। सभी घायल यात्रियों को तुरंत जिला संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

चिकित्सकों ने बताया कि अधिकांश यात्रियों को मामूली चोटें आई थीं। प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायल यात्रियों को उनके गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया। इस हादसे में मासूम शुभ की मौत से उसके परिवार में शोक का माहौल है। पुलिस ने मृतक बच्चे के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण बस का तेज रफ्तार में अनियंत्रित होना बताया जा रहा है। पुलिस और यूपीडा की टीमें घटना की विस्तृत जांच कर रही हैं।

# ब्रज में आएंगे अविमुक्तेश्वरानंद, धर्मसभा करेंगे

**मथुरा** एनएनआई। माघ मेला प्रकरण में शासन की भूमिका के विरोध और सनातन धर्म की रक्षा के लिए देशभर में उठ रही आवाज के बीच शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने शीघ्र ही ब्रज में धर्मसभा को संबोधित करने की स्वीकृति प्रदान की है। उनके आगमन को उत्साह का माहौल है। पदाधिकारियों ने उन्हें समर्थन पत्र सौंपा। संगठनों के प्रतिनिधिमंडल ने वाराणसी स्थित शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के आश्रम में उन्हें समर्थन पत्र सौंपा। इस दौरान गो-रक्षा, पवित्र नदियों की अविरलता, मंदिरों पर सरकारी नियंत्रण तथा सनातन धर्म पर हो रहे कथित प्रहारों जैसे गंभीर विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा के मुख्य संरक्षक महेश पाठक के आग्रह पर शंकराचार्य ने ब्रज में आकर धर्मसभा को संबोधित करने की सहमति दी। कार्यक्रम की तिथि शीघ्र घोषित किए जाने की जानकारी दी गई है। शंकराचार्य से मिलकर लौटे संजय चतुर्वेदी अल्पाइन, राकेश तिवारी ने बताया कि हाल ही में अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा एवं श्री माथुर चतुर्वेदी समाज के संयुक्त तत्वावधान बैठक हुई थी।

हमेशा यादों में रहोगे...



वैसे तो इस जहां में सदा रहने के लिए कोई आता नहीं। पर जैसे तुम गये ऐसे भी कोई जाता नहीं।

स्व. गार्गी शर्मा
(04 फरवरी 2002-25 अगस्त 2018)

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

समस्त आगरा शहर की बिटिया स्वर्गीय गार्गी शर्मा के जन्मदिवस पर गार्गी मेमोरियल ट्रस्ट, एक आगरा नेक आगरा टीम और परिवार आपको अश्रुपूरित नेत्रों से श्रद्धासुमन अर्पित करता है।

- गार्गी मेमोरियल ट्रस्ट
- एक आगरा नेक आगरा

# शादी में जा रहे दोस्तों को कार ने रौंदा, मौत

एनएनआई



**आगरा।** आगरा-फतेहाबाद मार्ग पर पलिया के पास मंगलवार की रात कार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

पुलिस के मुताबिक मंगलवार की रात 9:00 बजे के बाइक सवार मनीष (19) पुत्र रामेश्वर कुशवाह और ज्ञानी(18) पुत्र भगवान सिंह शादी समारोह में जा रहे थे। आगरा फतेहाबाद मार्ग पर पलिया के पास वे लोग पहुंचे, तभी बाइक में कार ने टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा, जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की जानकारी से दोनों के परिवारों में कोहराम मचा हुआ है।

# 'युवती का धर्म परिवर्तन और बंधक बनाने का आरोप'

## युवक को थाने लाए बजरंग दल कार्यकर्ता, एफआईआर दर्ज

एनएनआई

**आगरा।** थाना ट्रांस यमुना क्षेत्र में उस समय हंगामे की स्थिति बन गई, जब एक युवती को कथित रूप से धर्म परिवर्तन कराकर बंधक बनाए जाने का आरोप लगाते हुए बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने आरोपी युवक को पकड़कर उसकी पिटाई की और थाने लेकर पहुंचे, जहां नारेबाजी करते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की गई।

थाना खंदौली क्षेत्र की रहने वाली युवती को अप्रैल 2024 में आरिफ नामक युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। उस समय युवती के परिजनों ने मुकदमा भी दर्ज कराया था, लेकिन बाद में दबाव में समझौता हो गया। युवती ने कोर्ट में



युवक के पक्ष में बयान भी दे दिए थे। आरोपी युवक युवती को फरीदाबाद ले गया था, जहां दोनों पिछले लगभग 21 महीनों से साथ रह रहे थे। आरोप है कि इस दौरान युवक युवती के साथ लगातार मारपीट करता था और किसी को बताने पर उसके पिता व भाई को जान से मारने की धमकी देता था। करीब दो माह पहले दोनों ट्रांस यमुना क्षेत्र में किराए के मकान में रहने लगे। मंगलवार सुबह फिर से मारपीट होने पर युवती ने किसी तरह अपने पिता और मामा को फोन कर सूचना दी। इसके बाद परिजन बजरंग दल कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंचे और घर के बाहर हंगामा कर दिया। कार्यकर्ताओं ने आरोपी आरिफ को पकड़ लिया और मारपीट करते हुए थाने ले आए। थाने पहुंचकर कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि युवती का जबरन धर्म परिवर्तन कराया गया है और पुलिस पर कार्रवाई में लापरवाही का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। हंगामे के बाद पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि युवती ने आरोपी युवक से शादी की थी और दोनों आपसी सहमति से साथ रह रहे थे। हालिया विवाद और मारपीट की सूचना मिलने पर कार्रवाई की गई है। मामले की जांच की जा रही है। आरोपी को बुधवार को न्यायालय में पेश किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान बजरंग दल के जिला संयोजक अनिल शर्मा, शैलू जाट, बंटी शर्मा, दिनेश, कृष्णकांत सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# घर में दबिश: छेड़छाड़ और अभद्रता के मिले साक्ष्य; दर्ज हुआ परिवाद

एनएनआई



**आगरा।** सदर थाने के पुलिसकर्मियों ने पति की पिस्टल चोरी के आरोप में मलपुरा में दी दबिश दी थी। मामले में छेड़छाड़ और अभद्रता के साक्ष्य के साथ शिकायत की गई, जिसके बाद परिवाद दर्ज हुआ है। सदर थाना में तैनात दो दरोगा और एक सिपाही समेत पांच लोगों पर न्यायालय ने परिवाद दर्ज कर मामले की सुनवाई के आदेश दिए हैं। आरोपी पुलिस कर्मियों ने महिला के घर में बिना महिला पुलिस के दबिश दी। पीड़ित ने छेड़छाड़ और अभद्रता के साक्ष्य के साथ शिकायत की। सुनवाई नहीं होने पर पीड़ित लखनऊ में डीजीपी कार्यालय पहुंच गए थे। इसके बाद हुई प्रारंभिक जांच में भी सभी आरोपी दोषी पाए गए थे। वर्तमान में उनकी थाना सदर में तैनाती है।मलपुरा निवासी महिला की ननद पर सदर थाने में पति ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। घर से पिस्टल और अन्य सामान चोरी का आरोप लगाया था। महिला ने बताया कि 7 सितंबर 2025 को वह सास-ससुर के साथ घर में थी। इसी दौरान दो कारों से सदर थाना में तैनात दरोगा मोहित चौधरी, आकाश धामा, सिपाही अंकित और दो अन्य घर में घुस आए। मोहित ने कमरे में घुसकर अश्लील हरकत की। अंकित ने अश्लील बातें बोलते हुए अभद्रता की। आकाश धामा अपना नाम शक्ति सिंह बता रहा था। जब पीड़िता ने सीसीटीवी में सारी रिकार्डिंग होने की बोलकर शोर मचाया तो आकाश धामा ने डीवीआर डीवीआर ले जाने का प्रयास किया पर भीड़ होने पर डीवीआर छोड़ दी।आरोप है कि इस दौरान मोहित ने उनके गले से सोने की चेन खींच ली। उन्होंने मामले की शिकायत यूपी 112 और एसीपी सैंया डॉ. सुकन्या शर्मा से की। घटना के वीडियो भी भेजे पर कार्रवाई नहीं हुई। परेशान होकर वह कार्रवाई की गुहार लगाने डीजीपी कार्यालय पहुंची। इसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की। एडीसीपी क्राइम हिमांशु गौरव ने प्रारंभिक जांच की और आरोपी पुलिस कर्मियों को दोषी माना और रिपोर्ट अधिकारियों को प्रेषित की।

इसके बाद एसीपी ताज सुरक्षा पीके राय को विभागीय जांच दी गई। आरोप है कि तीन माह पूरे हो गए पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने इसके लिए डीजीपी को पत्र भी लिखा। इसके बाद पीड़िता ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। सुनवाई के बाद साक्ष्य के आधार पर न्यायालय ने मामले को परिवाद के रूप में दर्ज कर सुनवाई के आदेश दिए हैं।पीड़िता का आरोप है कि आरोपी अभी भी थाना सदर में तैनात हैं। उन्हें और उनके परिवार को धमकियां मिल रही हैं। आरोपी जांच को प्रभावित कर चुके हैं। एसीपी ताज सुरक्षा पीके राय ने बताया कि सदर थाना के 2 दरोगा और सिपाही के खिलाफ जांच पूरी हो चुकी है। रिपोर्ट वरिष्ठ अधिकारियों को प्रेषित की जा चुकी है। आदेश के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

# कोहरे से राजधानी-गतिमान एक्सप्रेस की रफ्तार थमी

**आगरा एनएनआई।** घने कोहरे के चलते आगरा मंडल से गुजरने वाली 15 ट्रेनें घंटों लेट रहीं। इससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। देरी से चलने वाली ट्रेनों में गतिमान एक्सप्रेस करीब डेढ़ घंटे, शताब्दी एक्सप्रेस लगभग दो घंटे तथा हजरत निजामुद्दीन राजधानी एक्सप्रेस 43 मिनट देरी से आगरा पहुंची। वहीं दक्षिण एक्सप्रेस सवा दो घंटे, राजधानी एक्सप्रेस सवा दो घंटे, संपर्क क्रांति एक्सप्रेस पौने चार घंटे और गोंडवाना एक्सप्रेस सबसे अधिक सवा पांच घंटे लेट रही। इसके अलावा पटना-कोटा एक्सप्रेस सवा दो घंट देरी से चली है।

## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।

# धरना का असर: रेलवे ने सीसी निर्माण कर सुगम किया रास्ता

- धौर्रा पुलिया से गुजरने वाले दर्जनभर गांवों की जनता को मिली जलभराव-दलदल से निजात
- सीमेंटेड सड़क का निर्माण कराए जाने पर दो दिन बंद रहेगा क्षेत्रीय ग्रामीणों का आवागमन

एनएनआई



**एत्मादपुर।** क्षेत्रीय जनसमस्याओं की अनदेखी और उपेक्षा से आक्रोशित होकर शुक्रवार को कुबेरपुर में हाइवे किनारे अनिश्चितकालीन धरना शुरू करने वाले जंगजू ग्रामीणों के संघर्ष की जीत का पहला परिणाम मंगलवार को सामने आ गया। क्षेत्रीय ग्रामीणों की बहुप्रतीक्षित मांग पर रेलवे विभाग ने दलित बाहुल्य धौर्रा गांव की पुलिया में जलभराव और दलदल की समस्या से स्थाई निजात दिलाने के लिए मंगलवार को सीमेंटेड सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण करा दिया है। सीसी निर्माण कार्य होने के बाद पुलिया में होकर गुजरने वाले क्षेत्रीय दर्जनभर से अधिक गांवों की जनता का आवागमन दो दिन के लिए बंद कर दिया गया है। रेलवे के आम रास्ते को



हाइवे जाम करने की 'धमकी' मिलते ही पहुंचे अफसर

पक्का और सुगमतापूर्ण कराए जाने से ग्रामीण खुश हैं।

गौरतलब है कि कुबेरपुर में हाइवे किनारे शुक्रवार की दोपहर क्षेत्रीय ग्रामीण जनता ने बार-बार धरना-प्रदर्शन किए जाने के बाद भी जनसमस्याओं की सुनवाई नहीं होने पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया था। दूसरे दिन हाइवे जाम करने की धमकी दिए जाने पर रात्रि आठ बजे आंदोलनकारियों से मिलने पहुंचे एसडीएम सुमित कुमार सिंह और थाना प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार सिंह के आश्वासन पर धरना समाप्त कर दिया गया था। अधिकारियों ने भरोसा दिया था कि संबंधित सरकारी विभागों से समन्वय बनाकर जनसमस्याओं का समाधान जल्द करा दिया जाएगा। मंगलवार को ग्रामीणों के संघर्ष पर मिले भरोसे की जीत का पहला परिणाम सामने आ गया। अधिकारियों के आश्वासन पर समाप्त किए गए धरना के संयोजक भागूपुर पंचायत के पूर्व सदस्य सामाजिक कार्यकर्ता शिवदेव बघेल ने बताया कि रेलवे विभाग की निर्माण कार्यदायी संस्था के कर्मचारियों ने मंगलवार को सुबह दस बजे से देर रात्रि तक धौर्रा पुलिया में सीमेंटेड सड़क के निर्माण का कार्य पूर्ण कर दिया है। तहसील पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों ने जो आश्वासन दिया था, उस पर अमल होना शुरू हो गया है। हमें भरोसा है कि अन्य शेष जनसमस्याओं का भी जल्द सुखद समाधान कराया जाएगा। भारतीय किसान यूनियन टिकैत की युवा विंग के मंडल अध्यक्ष विपिन कुमार यादव ने कहा कि ग्रामीणों के संघर्ष का नतीजा है कि पुलिया का आम रास्ता अब सुगम और सुरक्षित हो गया है। उन्होंने बताया कि ताजा निर्माण की सुरक्षा के लिहाज से फिलहाल पुलिया में से गुजरने वाले क्षेत्रीय बाशिंदों का आवागमन रोक दिया गया है।

# वीर गोकुला जाट के नाम पर होगा विवि सुल्तानगंज परिसर छात्रावास

## विश्व विद्यालय कार्य परिषद की बैठक में मिली अनुमति, खंदारी परिसर में होगी अटल जी के नाम से शोधपीठ की स्थापना

- कार्य परिषद की बैठक में छात्र, शिक्षक और कर्मचारी हित में कई अन्य प्रस्तावों को भी प्रदान की गई अनुमति

एनएनआई

**आगरा।** डॉ. भीमराव आम्बेडकर विश्वविद्यालय के सुल्तानगंज पुलिया परिसर में बनने वाले पुरुष छात्रावास का नाम वीर जाट गोकुला पर होगा। वहीं विश्व विद्यालय के खंदारी परिसर में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नाम से शोधपीठ की स्थापना की जाएगी। मंगलवार को बृहस्पति भवन पालीवाल पार्क परिसर में कुलपति प्रो. आशु रानी की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय की 2026 की पहली कार्य परिषद की हुई बैठक इन्हें अनुमति प्रदान की गई। इसके अलावा एक दर्जन से अधिक अन्य प्रस्तावों को बैठक में पारित किया गया। बैठक में विश्वविद्यालय के शैक्षणिक, प्रशासनिक, नवाचार और छात्रहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श करते हुए प्रस्तावों को सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया। इनमें पूर्व में सम्पन्न वित्त समिति और परीक्षा समिति की संस्तुतियों को कार्य परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। आवासीय संस्थानों में कार्यरत नियमित शिक्षकों की व्यक्तिगत प्रोन्नति के तहत 6 प्रोफेसरों को सीनियर प्रोफेसर और 4 असिस्टेंट प्रोफेसरों को एसोसिएट प्रोफेसर पद पर पदोन्नति प्रदान की गई। मातृत्व अवकाश संबंधी समिति की आख्या पर विचार करते हुए निर्णय लिया गया कि सभी संविदा महिला शिक्षक और कर्मचारी को दो बच्चों तक 26 सप्ताह का सवेतन मातृत्व अवकाश प्रदान किया जाएगा। संविदा कर्मचारियों के तीन वर्ष के सेवा-विस्तारण और कनिष्ठ सहायक से वरिष्ठ सहायक पद पर कुल पांच पदोन्नतियों को कार्य परिषद द्वारा अनुमोदित किया गया। मृतक आश्रित श्रेणी के अंतर्गत तीन आश्रितों की नियुक्ति को शासनादेश के अनुसार अनुमोदन प्रदान किया गया। फाउंडेशन के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स में कुलपति, कुलसचिव, वित्त अधिकारी सहित प्रो. संजय चौधरी और प्रो. शरद चंद उपाध्याय सम्मिलित हैं। वर्तमान में विश्वविद्यालय के 15 छात्र स्टार्टअप प्रारंभ कर चुके हैं। फाउंडेशन की वेबसाइट के विश्वविद्यालय के सुल्तानगंज पुलिया परिसर में वीर जाट गोकुल पुरुष छात्रावास के निर्माण और विधि संकाय (लॉ फैकल्टी) के संचालन को स्वीकृति प्रदान की गई। संबंधित प्रक्रियाएं पूर्ण हो चुकी हैं।

बैठक में विश्वविद्यालय के शताब्दी वर्ष को भव्य रूप से मनाने के लिए कार्य परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। छात्रों के सर्वांगीण विकास को दृष्टिगत रखते हुए सभी विषयों के पाठ्यक्रमों में एआई का उपयोग विषय आधारित को सम्मिलित करने की स्वीकृति प्रदान की गई।



### इनके प्रयास लाए रंग

डॉ. बीआर आंबेडकर विश्व विद्यालय के सुल्तानगंज पुलिया परिसर में पुरुष छात्रावास का नाम वीर जाट गोकुला पर रखे जाने का प्रस्ताव पूर्व मंत्री प्रो. राम शंकर कठेरिया द्वारा रखा गया था। यहां पर वीर गोकुला जाट की प्रतिमा भी लगाई जाएगी। विश्व विद्यालय में वीर गोकुला जाट की प्रतिमा लगवाने के लिए विश्व विद्यालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष और जाट वंशवली के संस्थापक अध्यक्ष अखिलेश चौधरी भी कई सालों से प्रयासरत थे। इसके अलावा डॉ. संजय चौधरी भी इसके लिए लगातार प्रयासरत थे। इनके प्रयासों से मिली सफलता से जाट समाज में खुशी की लहर है। छात्रावास परिसर के वीर गोकुला जाट के नाम पर स्वीकृति होने पर जाट वंशावली के संरक्षक राजकुमार चाहर डब्ल्यू, एडवोकेट लोचन चौधरी, उत्तर प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र चौधरी, महासचिव पंकज चौधरी, मण्डल अध्यक्ष अशोक चाहर, केदार सिंह एडवोकेट ने हर्ष व्यक्त किया।

# कैंसर से जंग मरीज और परिवार के लिए विषम यात्रा

एनएनआई

**आगरा।** कैंसर सोसाइटी के तत्वाधान में पुरुषोत्तमदास सावित्रीदेवी कैंसर केयर एंड रिसर्च सेंटर पर विश्व कैंसर दिवस की पूर्व संध्या पर एक कैंसर जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमे चिकित्सकों के अतिरिक्त विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं कैंसर मरीजों तथा उनके तीमारदारों ने भागीदारी की। मेयर हेमलता दिवाकर इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुई। पदमश्री प्रो. दया किशोर हाजरा विशिष्ठ अतिथि थे। कैंसर विशेषज्ञ एवं डायरेक्टर डॉ. संदीप अग्रवाल ने सभी का स्वागत करते हुए डब्ल्यूएचओ की थीम यूनियाइटेड वाय यूनिटी प्रकाश डालते हुए कैंसर की जाँच एवं इलाज के विभिन्न पहलुओं में विगत वर्षों में हुए एडवांसमेंट पर प्रकाश डाला तथा प्रत्येक मरीज की इलाज की व्यक्तिगत आवश्यकताओं एवं इलाज की स्ट्रेटेजी के विषय में बताया। डॉ. संदीप अग्रवाल का कहना था कि प्रत्येक मरीज का कैंसर एक विशेष प्रकार का जेनेटिक एवं मॉलिक्यूलर पैटर्न रखता है तथा विभिन्न जांचों के बाद उसका इलाज भी इसी तर्ज पर होने चाहिये। प्रो. दया किशोर हाजरा ने अपने वक्तव्य में टारगेटेड थेरेपी की महत्ता पर प्रकाश डाला। विभिन्न प्रकार के रेडियो न्यूक्लीयर पद्धिति के द्वारा कैंसर की पहचान जैसा कि पेट सीटी स्कैन में किया जाता एक ऐसा माध्यम है जोकि कैंसर की उपस्थिति को शरीर के विभिन्न अंगों में सटीक रूप से इंगित करता है। इसी प्रकार टारगेटेड रेडियोथेरेपी प्रयोग आजकल थाइराइड तथा प्रोस्टेट के कैंसर में अत्यंत प्रभावशाली रूप में किया जा रहा है। मेयर हेमलता दिवाकर ने पुरुषोत्तमदास सावित्रीदेवी कैंसर अस्पताल के द्वारा कैंसर मरीजों को विगत 18 वर्षों से दी जा रही कैंसर चिकित्सीय सेवाओं के लिये साधुवाद देते हुए कहा कि कैंसर जैसी बीमारी से जंग मरीज एवं परिवार दोनों के लिए ही एक अत्यंत विषम यात्रा होती है तथा पुरुषोत्तमदास सावित्रीदेवी कैंसर केयर एंड रिसर्च सेंटर एवं डॉ. संदीप अग्रवाल और उनकी टीम के द्वारा किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। आयुष्मान भारत के अंतर्गत अत्यंत गरीब मरीज पिछले सात वर्षों से अधिक से विश्वस्तरीय सुविधाओं का निःशुल्क लाभ ले पा रहे है। रोटरी क्लब ऑफ ग्रेस की डॉ. डॉ. परिणिता बंसल मौजूद रही। उन्होंने भी संस्था द्वारा कैंसर के क्षेत्र में डॉ. संदीप अग्रवाल व डॉ. पारुल अग्रवाल द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। रोटरी क्लब ऑफ आगरा मिड डाउन के अध्यक्ष प्रमोद खंडेलवाल ने भी बच्चियों को कैंसर से बचाने वाली वैक्सीन की मुहिम चलाने का निर्णय लिया।




# सपा को मिली नई मजबूती, किया संगठन का विस्तार

### इकबाल उस्मानी अध्यक्ष व अवनीश गुप्ता बने प्रभारी

एनएनआई

**आगरा।** समाजवादी पार्टी ने महानगर संगठन को और अधिक मजबूत करने की दिशा में विस्तार किया गया है। बुधवार को समाजवादी पार्टी महानगर के अध्यक्ष शब्बीर अब्बास द्वारा अपने जीवनी मंडी स्थित कैंप कार्यालय पर मनोनयन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश एवं प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल की संस्तुति पर समाजवादी पार्टी वार्ड सं. 16 और 20 नए पदाधिकारी नियुक्त किये। महानगर अध्यक्ष शब्बीर अब्बास ने बताया कि पार्टी के संगठनात्मक मजबूती के क्रम में तथा इकबाल उस्मानी को वार्ड संख्या-20 का अध्यक्ष और अवनीश गुप्ता को वार्ड संख्या-16 का प्रभारी मनोनीत किया गया है। इससे वार्ड स्तर पर आम जनता से सीधा संवाद स्थापित कर जनहित से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता के साथ उठाया जाएगा। मुझे विश्वास है कि दोनों पदाधिकारी अपनी सक्रिय भूमिका से संगठन को नई ऊर्जा देंगे और समाजवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

नव नियुक्त पदाधिकारियों इकबाल उस्मानी व अवनीश गुप्ता ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे समाजवादी पार्टी की नीतियों, सिद्धांतों एवं कार्यक्रमों के अनुरूप कार्य करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाएंगे। वार्ड में जमीनी स्तर पर संगठन को सक्रिय करने और जनसमस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाने का कार्य करेंगे। मनोनयन की घोषणा के बाद पार्टी कार्यालय पर कार्यकताओं ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को फूल-मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर दक्षिण विधानसभा जोनल प्रभारी सुशील गुप्ता, सेक्टर प्रभारी अन्नू यादव, सनी माहौर, हुकुम सिंह, साबिर हुसैन, संजीव सिंह, सलीम उस्मानी, आशु सिद्धकी, सुमित, सतीश, शाहरुख, आमिर आदि मौजूद रहे।



# विद्यार्थियों को समाज से अंधविश्वास मिटाने के लिए जन चेतना का अग्रदूत बनना चाहिए

एनएनआई



**आगरा।** चमत्कारों के पीछे छिपे विज्ञान को समझाकर अंधविश्वास के विरुद्ध जन चेतना का प्रसार किया गया। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के तत्वाधान में जिला विज्ञान क्लब, जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी, मुख्य विकास अधिकारी प्रतिभा सिंह व जिला विद्यालय निरीक्षक चंद्रशेखर के मार्गदर्शन में अंधविश्वास के विरुद्ध वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन केदारनाथ सेक्सरिया आर्य गर्ल्स इंटर कॉलेज में किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय वैज्ञानिक अधिकारी डॉ.ए.के सिंह ,विद्यालय की प्रधानाचार्या उज्जवल जैन व निर्णायक सदस्यों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण विज्ञान संचारक अलीशा ढाका, मेरठ ने कई तथाकथित चमत्कारों का प्रदर्शन किया और उनके पीछे छिपे विज्ञान को समझाया। उन्होंने पानी से दीपक जलाना ,सर पर चाय बनाना ,जीभ पर कपूर जलाना और बिना आग के मोमबत्ती जलाने जैसे प्रयोग दिखाकर छात्रों को दंग कर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि कैसे ढोंगी बाबा भौतिक और रासायनिक विज्ञान के सिद्धांतों का उपयोग कर आम जनता को मूर्ख बनाते हैं। क्षेत्रीय वैज्ञानिक अधिकारी ने कहा कि विद्यार्थियों को समाज से अंधविश्वास मिटाने के लिए जन चेतना का अग्रदूत बनना चाहिए और ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में एक नवीन सोच उत्पन्न करने में सहायक बनेंगे जो अंधविश्वास के विरुद्ध विज्ञान को अपनाने की प्रेरणा देंगे। जिला समन्वयक डॉ. निखिल जैन ने बताया कि कैसे बाबा लोग अंधविश्वास को बढ़ावा देते हुए कई बार भोले भाले आम जन को मूर्ख बनाते हैं और उन्हें ठगते हैं । पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ईरम फातिमा केदारनाथ सेक्सरिया आर्य कन्या इंटर कॉलेज, भूमिका चंद्रा बालिका विद्यापीठ इंटर कॉलेज, तृतीय स्थान गुर्मी श्री केदारनाथ सेक्सरिया आर्य कन्या इंटर कॉलेज ने प्राप्त किया। नाटक प्रतियोगिता में राजकीय हाईस्कूल गंगरौआ, बरौली अहीर की छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या उज्जवल जैन ने सभी छात्र-छात्राओं, अतिथियों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं का आभार व्यक्त करते हुए सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में रोशनी गुप्ता, रेखा भारद्वाज, राखी सिंह, यामिनी मिश्रा, रिचा परमार, प्रिया कटारा, नेहा अग्रवाल आदि उपस्थित रहीं।

# बजट क्विज युवाओं में वित्तीय साक्षरता बढ़ाने में होगा सहायक

एनएनआई




**आगरा।** माय भारत युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा बजट क्विज प्रतियोगिता 2026 का आयोजन देश भर मे करवाया जा रहा है। जिला युवा अधिकारी डॉ श्रवण कुमार सहगल ने बताया कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य केंद्रीय बजट 2026 को जनसामान्य के लिए अधिक सुलभ, सरल, समझने योग्य एवं नागरिक-केंद्रित बनाना है। यह पहल युवाओं को बजटीय प्रावधानों से जोड़ने तथा उन्हें उनके दैनिक जीवन से संबंधित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

इस अवसर पर छोटे लाल वर्मा , विधायक फतेहाबाद ने बजट क्विज प्रतियोगिता 2026 का विधिवत विमोचन किया और युवाओं से इस प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ युवाओं को देश की आर्थिक नीतियों एवं बजट प्रक्रिया की गहन समझ प्रदान करती हैं।

जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने भी बजट क्विज प्रतियोगिता का विमोचन करते हुए कहा कि यह पहल युवाओं में वित्तीय साक्षरता बढ़ाने तथा उन्हें नीति-निर्माण की प्रक्रिया से जोड़ने में सहायक सिद्ध होगी।

यह प्रतियोगिता महाविद्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों एवं कोचिंग केंद्रों में सहभागिता के माध्यम से बजट को युवाओं के जीवन से जोड़ने और उसे सरल भाषा में समझाने का प्रयास करती है। क्विज चरण में शीर्ष अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को राज्य/केंद्र शासित प्रदेश स्तर पर निबंध प्रतियोगिता के लिए चयनित किया जाएगा।

चयनित प्रतिभागी केंद्रीय बजट 2026 की आठ निर्धारित विषय-वस्तुओं में से किसी एक विषय पर निबंध प्रस्तुत करेंगे। राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार चयनित युवा, केंद्रीय बजट 2026 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ वर्चुअल संवाद में भाग लेंगे।

# आईईटी की छात्रा राखी बियास को मिली एआईसीटीई यशस्वी छात्रवृत्ति

- मेहनत और प्रतिभा से रचा सफलता का नया उदाहरण

एनएनआई

**आगरा।** डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा के इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (आईईटी) की इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग की छात्रा राखी बियास ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद की प्रतिष्ठित यशस्वी स्कॉलरशिप योजना के अंतर्गत छात्रवृत्ति के लिए चयनित होकर विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह छात्रवृत्ति देशभर के प्रतिभाशाली एवं मेधावी विद्यार्थियों को उच्च तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु प्रदान की जाती है। राखी बियास का इस योजना के अंतर्गत शॉर्टलिस्ट होना उनकी लगन, परिश्रम और शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रमाण है। इस उपलब्धि पर कुलपति प्रो. आशु रानी ने छात्रा को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय की छात्राएं निरंतर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं, जो अत्यंत गर्व का विषय है। वहीं आईईटी के निदेशक प्रो. मनु प्रताप सिंह ने भी राखी बियास को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि वह भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय का मान बढ़ाती रहेंगी। राखी बियास की यह सफलता विश्वविद्यालय के अन्य



विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है और यह दर्शाती है कि समर्पण, सही मार्गदर्शन और निरंतर प्रयास से राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धियाँ प्राप्त की जा सकती हैं।

# लैंगिक समानता और सुरक्षा को मिल रहा नया आयामः डॉ बबिता सिंह चौहान

एनएनआई



**आगरा/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान ने बताया कि रु-ब-रु एक अभिनव, संवाद-आधारित पहल है, जो लैंगिक समानता, अधिकारों एवं सामाजिक परिवर्तन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर पुलिस अधिकारियों और छात्रों के बीच संरचित एवं आमने-सामने की सार्थक बातचीत को बढ़ावा देती है। यह पहल पारंपरिक जागरूकता कार्यक्रमों से अलग हटकर संवाद, आपसी विश्वास और साझा उत्तरदायित्व के माध्यम से अमूर्त अवधारणाओं को व्यवहारिक जीवन में रूपांतरित करती है।

डॉ. चौहान ने बताया कि रु-ब-रु कार्यक्रम के अंतर्गत होने वाली चर्चाओं का प्रमुख उद्देश्य लैंगिक रूढ़ियों को तोड़ना तथा विद्यार्थियों की दैनिक सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं का समाधान करना है। पुलिस अधिकारी छात्रों को यौन उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध, बाल संरक्षण सहित विभिन्न लैंगिक कानूनों, सुरक्षा प्रावधानों एवं रिपोर्टिंग तंत्रों की सरल और प्रत्यक्ष जानकारी प्रदान करते हैं। इससे छात्रों में बिना भय के अपराधों की रिपोर्ट करने का आत्मविश्वास विकसित होता है तथा शीघ्र रिपोर्टिंग और सार्वजनिक सतर्कता के महत्व को बल मिलता है।

उन्होंने बताया कि यह पहल अब तक स्कूलों और विश्वविद्यालयों में 30,000 से अधिक छात्रों तक पहुँच बना चुकी है, जो इसके व्यापक प्रभाव को दर्शाता है। कार्यक्रम का विस्तार अभिभावकों, शिक्षकों, विद्यालय कर्मियों एवं बस चालकों तक किया गया है, जिससे बच्चों और किशोरों के आसपास एक सुरक्षित, संवेदनशील एवं उत्तरदायी वातावरण निर्मित हो सके। यह सहभागिता शैक्षिक संस्थानों में लैंगिक संवेदनशीलता और सुरक्षा को संस्थागत रूप प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि फीडबैक और जमीनी अनुभवों के आधार पर रु-ब-रु कार्यक्रम को निरंतर परिष्कृत किया जाता है।

इसका मानकीकृत किंतु लचीला पाठ्यक्रम व्यवहार विज्ञान, सॉफ्ट स्किल्स, केस स्टडी, रोल-प्ले और सफलता की कहानियों को समाहित करता है। अच्छा स्पर्श-बुरा स्पर्श, मासिक धर्म स्वच्छता, किशोर स्वास्थ्य जैसे विषयों पर आयु-उपयुक्त सत्र आयोजित किए जाते हैं, जिससे ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में समान प्रभावशीलता सुनिश्चित होती है।



### आगरा में विशेष बच्चों के लिए बनेगा सेंटर

# 4.29 करोड़ का अत्याधुनिक 'बचपन डे केयर सेंटर'

- तीन मंजिला भवन में थेरेपी रूम और मनोरंजन कक्ष सहित मिलेंगी सभी आधुनिक सुविधाएं
- दिव्यांग बच्चों की सुगमता के लिए बनाए जा रहे 8 क्लासरूम और बाधा मुक्त रैम्प
- योगी सरकार की पहल से दिव्यांग बच्चों को एक ही छत के नीचे मिलेगी शिक्षा और थेरेपी

एनएनआई




**आगरा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों के कल्याण और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में ताजनगरी आगरा में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा एक अत्याधुनिक 'बचपन डे केयर सेंटर' का निर्माण कराया जा रहा है। यह सेंटर उन विशेष बच्चों के लिए आशा की नई किरण बनेगा, जिन्हें अतिरिक्त देखभाल और विशेष शिक्षण की आवश्यकता है।

इस प्रोजेक्ट को दिव्यांग बच्चों की सहूलियत और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। लगभग 4 करोड़ 29 लाख रुपये की लागत से विजय नगर कॉलोनी में बनने वाला यह सेंटर तीन मंजिला होगा। इसमें भूतल के साथ-साथ प्रथम और द्वितीय तल का निर्माण किया जा रहा है। भवन को पूरी तरह बाधा मुक्त बनाया गया है ताकि दिव्यांग बच्चों को आवाजाही में कोई असुविधा न हो।

**एक ही छत के नीचे मिलेंगी सभी सुविधाएं**

बचपन डे केयर सेंटर को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। सेंटर में स्पेशल बच्चों (दिव्यांग बच्चों) की पढ़ाई के लिए 8 क्लास रूम, शारीरिक और मानसिक



विकास के लिए दो थेरेपी कक्ष, बच्चों के खेल-कूद और मनोरंजन के लिए मनोरंजन कक्ष, स्वास्थ्य जांच के लिए मेडिकल रूम और प्रशासनिक कार्य हेतु स्टाफ रूम बनाए जाएंगे। दिव्यांगों के अनुकूल शौचालय और हर फ्लोर तक पहुँचने के लिए सुरक्षित रैम्प भी बनाई जाएगी।

**सर्वांगीण विकास पर योगी सरकार का जोर**

योगी सरकार का उद्देश्य है कि समाज का हर वर्ग मुख्यधारा से जुड़े। इस सेंटर के माध्यम से विशेष बच्चों को न केवल शिक्षा मिलेगी, बल्कि उनके हुनर को निखारने के लिए जरूरी माहौल भी दिया जाएगा। यहाँ बच्चों के लिए समन्वयक कक्ष और स्टोर रूम जैसी व्यवस्थाएं भी की गई हैं, जिससे केंद्र का संचालन सुचारू रूप से हो सके।

> बचपन डे केयर सेंटर का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। इस सेंटर का मुख्य उद्देश्य विशेष बच्चों को एक ही छत के नीचे शिक्षा, थेरेपी और बेहतर माहौल प्रदान करना है। उत्तर प्रदेश सरकार की इस पहल से जिले के दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों को बड़ी राहत मिलेगी और बच्चों के सर्वांगीण विकास में यह केंद्र मील का पत्थर साबित होगा।
>
> **– ज्ञान देवी, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी**

# आवास विकास परिषद ने शुरू कराया सड़क निर्माण

एनएनआई

**आगरा।** सिकंदरा आवास विकास योजना के सेक्टर-7 और 11 में स्थित आवास विकास परिषद की लगभग 62 हजार वर्ग मीटर भूमि को लेकर वर्षों से चला आ रहा विवाद जिला न्यायालय के निर्णय के बाद समाप्त हो गया। न्यायालय द्वारा परिषद का कब्जा वैध माने जाने के उपरांत परिषद ने भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराते हुए विकास कार्य शुरू करा दिए हैं।

अधिशासी अभियंता सूरजपाल सिंह की निगरानी में 30 मीटर चौड़ी सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है। फिलहाल सड़क के



लिए गिट्टी डलवाने का कार्य चल रहा है। सड़क के निर्माण से कैलाशपुरी मोड़, लोहामंडी-बोदला मार्ग और परशुराम चौराहे की ओर आवागमन आसान होगा, जिससे क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। अधीक्षण अभियंता अतुल कुमार ने बताया कि नगर निगम द्वारा सफाई और क्षेत्र खाली कराए जाने के बाद अन्य विकास कार्य भी शीघ्र शुरू किए जाएंगे।

निर्माण कार्य के दौरान अधिशासी अभियंता सूरज पाल सिंह, सहायक अभियंता मयंक, अवर अभियंता आकाश सहित अप्रवर्तन दल अधिकारी कर्नल जी एम खान अपने प्रवर्तन दल के साथ मौके पर मौजूद रहे।

## पुलिस मॉडर्न स्कूल में 12वीं के छात्रों को दी विदाई

**आगरा एनएनआई।** पुलिस मॉडर्न स्कूल में कक्षा 12 के विद्यार्थियों की विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा 11 के विद्यार्थियों सुहाना, दीक्षा, तन्वी, अनुभव, दानिश, विक्रांत, प्रिंस, अरनब, दिव्यांश द्वारा कार्यक्रम के आयोजन में अपने अध्यापकों नीतीशकुमार, गुंजन शर्मा, आशीष पाठक का भरपूर सहयोग किया गया। विद्यार्थियों ने भी गेम्स, डांस व रैंप वॉक में प्रतिभाग किया। अरबाज मिस्टर पीएमएस, अनुषा मिस पीएमएस व मोहम्मद अली स्टूडेंट ऑफ द ईयर चुने गए। ऐंकरिंग आकृति सक्सेना, अनंत व लावण्या कृष्ण द्वारा की गई। इस अवसर पर विद्यालय की उप प्रधानाचार्य रीना मेहता शिक्षक गौरव शाक्य, अनुज कुमार, रवि कुमार, शैली सारस्वत, अनुपम प्रताप, मो इरफान, अमित, आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया।




### विश्व कैंसर दिवस

# लालाराम तैनगुरिया-एक कैंसर फाइटर की जागरूक कहानी



ये लालाराम तैनगुरिया जी की स्टोरी है, अब वो कैंसर से मुक्त हैं पूरी तरह स्वस्थ हैं। लेकिन केवल छने हुए तरल पदार्थ (खिचड़ी व दलिया) ही बिना मिर्च मसाले के लेते हैं। और आत्मविश्वास मजबूत था तो 8 कीमो थेरेपी में से 4 में ही ठीक हो गये थे। आज पुनः अच्छी तरह पूरी ऊर्जा के साथ कार्य करते हैं एक दिन में लगभग 70-80 किलोमीटर स्कूटर चला लेते हैं, कार भी चलाते हैं। और महीने में एक दिन केवल पानी पर व्रत रखते हैं।

मई 2018 की की बात है। एक दिन अचानक मेरी दाढ़ में तेज दर्द शुरू हुआ। शुरू में लगा– साधारण दाँत का दर्द होगा। मैं डेंटिस्ट के पास गया। उन्होंने जाँच की, एक्स-रे देखा और कहा– इन्फेक्शन है.. लेकिन एक बात और है, बायोप्सी करवा लीजिए। उस वक्त यह शब्द– बायोप्सी– दिल में कहीं चुभ गया, लेकिन मैंने ज्यादा नहीं सोचा। कुछ दिन बाद रिपोर्ट आई। डॉक्टर ने गंभीर आवाज में कहा– कैंसर कन्फर्म है। उस पल ऐसा लगा जैसे जमीन खिसक गई हो।

दिमाग सुन्न, आँखें नम, और मन में सिर्फ.एक सवाल–अब क्या? यहीं से संघर्ष शुरू हुआ। इलाज के नाम पर डर, दर्द, भागदौड़, अस्पताल के चक्कर, अनगिनत रिपोर्टें, और अनकही रातें। कभी हिम्मत टूटती, कभी लगता अब बस नहीं... लेकिन फिर खुद से कहता– लड़ना है। परिवार का साथ, डॉक्टरों की मेहनत और सबसे ज्यादा– अपना हौसला। हर दिन आसान नहीं था। शरीर थक जाता था, मन हार मानने को कहता था, लेकिन दिल जवाब देता–अभी नहीं।

मैंने सीखा–कैंसर सिर्फ. शरीर से नहीं लड़ता, वह हिम्मत की भी परीक्षा लेता है। आज जब पीछे मुड़कर देखता हूँ, तो समझ आता है– वह दाढ़ का दर्द मेरी ज़िंदगी का सबसे बड़ा मोड़ था। मैं सिर्फ. मरीज नहीं था, मैं एक योद्धा था। कैंसर ने मुझे तोड़ने की कोशिश की, लेकिन मैंने हार मानने से इनकार कर दिया। मैं आज गर्व से कह सकता हूँ– मैं कैंसर फाइटर हूँ। दर्द से हौसले तक – मेरी कैंसर फाइटर कहानी (आगे) कैंसर कन्फर्म होने के बाद इलाज की एक लंबी सूची सामने रख दी गई– ऑपरेशन। रेडिएशन थेरेपी। कीमोथेरेपी। नाम सुनते ही डर लगने लगा।

ऑपरेशन का दिन आया। ऑपरेशन थिएटर के बाहर परिवार की आँखों में चिंता थी और मेरे मन में सवाल–क्या सब ठीक होगा? ऑपरेशन सफल हुआ, ऑपरेशन सफल हुआ, लेकिन असली लड़ाई अब शुरू होनी थी। फिर शुरू हुई रेडिएशन थेरेपी। हर सेशन में शरीर कमजोर होता गया, लेकिन मन को समझाता रहा– यह जलन नहीं, यह मुझे बचाने की कोशिश है। उसके बाद कीमोथेरेपी। वे दिन मैं कभी नहीं भूल सकता। मतली, उलटी, कमजोरी, भूख खत्म, शरीर जवाब देने लगा।

आईने में खुद को देखता तो पहचान नहीं पाता। लेकिन शारीरिक दर्द से भी ज्यादा जो टूटता था, वो था मन। मानसिक तनाव बहुत था। डर था– भविष्य का, परिवार का,ज़िंदगी का। कई रातें ऐसी रहीं जब नींद नहीं आई, बस छत को देखता रहा और सोचता रहा– कब खत्म होगी यह जंग? कभी हिम्मत जवाब दे जाती, कभी आँसू अपने आप बह निकलते। लेकिन हर बार एक आवाज अंदर से आती– इतनी दूर आ गया है, अब हार नहीं मान सकता। परिवार का साथ मेरी सबसे बड़ी ताकत बना।

डॉक्टरों का भरोसा, और भगवान पर आस्था– यही मेरा सहारा था। मैंने सीखा– कैंसर सिर्फ. शरीर की बीमारी नहीं है, यह मन की परीक्षा भी है। और जो इस परीक्षा में डटा रहता है, वही असली विजेता होता है। आज भी उस दौर को याद करता हूँ तो दिल काँप जाता है, लेकिन साथ ही गर्व भी होता है– मैं टूट सकता था, लेकिन मैंने झुकने से इनकार कर दिया। मैं सिर्फ. इलाज से नहीं, हौसले से ठीक हुआ।

मैं आज भी वही इंसान हूँ, लेकिन अब पहले से ज्यादा मजबूत। मैं कैंसर सर्वाइवर नहीं, मैं कैंसर फाइटर हूँ। दर्द से हौसले तक इलाज पूरा हुआ। ऑपरेशन, रेडिएशन और कीमोथेरेपी के बाद शरीर तो बच गया, लेकिन मन के अंदर अब भी उथल-पुथल चल रही थी। खाली बैठना मुझे अंदर से तोड़ देता था। इसलिए मैंने एक फैसला किया– खुद को अपने काम में व्यस्त रखूँगा। मैंने अपने काम को ही अपनी दवा बना लिया। साथ ही खुद को सामाजिक संस्थाओं से जोड़ा।

लोगों के बीच रहना, किसी के काम आना, किसी के चेहरे पर मुस्कान देखना– यही मेरे लिए थेरेपी बन गया। जब दूसरों की मदद करता, तो अपना दर्द थोड़ा हल्का हो जाता। लेकिन संघर्ष अभी खत्म नहीं हुआ था। मुझे बोलने में परेशानी होती है। शब्द साफ नहीं निकलते। कभी लोग ठीक से समझ नहीं पाते, कभी खुद को समझाने में थक जाता हूँ। कई बार मन करता है चुप रह जाऊँ... लेकिन फिर सोचता हूँ– अगर मैं नहीं बोलूँगा, तो मेरी कहानी कौन बोलेगा? मेरी आवाज भले ही पहले जैसी नहीं रही, लेकिन मेरी भावना आज भी ज़िंदा है। थोड़ा-थोड़ा आगे बढ़ रहा हूँ, धीरे, लेकिन रुके बिना। यह सिर्फ. बोलने की लड़ाई नहीं है, यह खुद को फिर से पाने की लड़ाई है। मैंने सीखा है– ज़िंदगी परफेक्ट होने का नाम नहीं, ज़िंदगी कोशिश करते रहने का नाम है। आज भी संघर्ष चल रहा है, लेकिन डर नहीं है। क्योंकि मैंने मौत के सामने खड़े होकर ज़िंदगी को चुना है। मैं हार कर नहीं जी रहा, मैं लड़ कर ही जी रहा हूँ। और यही पहचान है मेरी– मैं कैंसर फाइटर हूँ।

### रैबीज से बच्चे की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग ने लगाया कैम्प

# अनुस के साथ खेलने वाले बच्चों को किया गया वैक्सीनेट

एनएनआई

**पिनाहट।** रैबीज फैलने से बच्चे की मृत्यु के बाद दिनभर हड़कंप मचा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के टीम दिनभर गांव में डेरा जमाएं रही है। बच्चे के एक वैक्सीन बाहर से लगवाने के कारण पिता ने स्वास्थ्य कर्मियों पर उसे हड़काने का आरोप भी लगाया है।

थाना पिनाहट के गांव अतैयापुरा के छोटू उर्फ अनिस की कुत्ता काटने के बाद वैक्सीन लगवाने के बाद भी रैबीज फैलने से रविवार रात मृत्यु हो गई थी। मामला प्रकाशित होने के बाद मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। दोपहर करीब एक बजे स्वास्थ्य की टीम गांव पहुंची।



जहां एक टीम ने पूरे गांव का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाएं दी। और अनिस के स्वजन और साथ खेलने वाले बच्चों सहित करीब 32 लोगों को रैबिज की वैक्सीन लगाई है। जिससे गांव में और किसी को रैबीज का शिकार न बनना पड़े।

वहीं बच्चे के पिता कुवर सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीमें उसे बाहर से वैक्सीन लगवाने के कारण हड़का रही है। उसने बताया कि जब स्वास्थ्य केंद्र पर कोई भी वैक्सीन लगाने को तैयार नहीं है। तो कहीं न कहीं तो लगवानी पड़ेगी। वहीं सीएससी अधीक्षक डॉ प्रमोद कुशवाह ने बताया कि सभी का वैक्सीनेशन किया गया है। बच्चे के पिता को किसी ने कुछ भी नहीं कहा है।



## डीसीपी आदित्य कुमार ने किया थाना सीकरी का औचक निरीक्षण

**फतेहपुर सीकरी** एनएनआई। पुलिस उपायुक्त पश्चिमी जोन आदित्य कुमार ने थाना सीकरी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाने के विभिन्न कार्यालयों, अभिलेखों और व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। साथ ही थाने में किए गए सौंदर्यीकरण कार्यों की भी समीक्षा की। प्रभारी निरीक्षक आनंद वीर सिंह ने डीसीपी को थाने की कार्यप्रणाली और व्यवस्थाओं की जानकारी दी और पूरे थाने का निरीक्षण कराया। डीसीपी ने साफ-सफाई, रिकॉर्ड संधारण और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। औचक निरीक्षण का उद्देश्य पुलिस व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ और व्यवस्थित बनाना बताया गया। निरीक्षण के दौरान डी सी पी ने पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

## सदभावः मुस्लिम भाई ने भरा भात

### राखी बांधना और टीका करना नहीं भूलती बहन

एनएनआई

**बाह।** 15 साल पहले डीटीसी की बस में सफर के दौरान मिले बाह के जुलाहपुरी के उबेश अली और दिल्ली के उत्तम नगर की रश्मी त्यागी के बीच भाई बहन के रिश्ते की मजबूत डोर आज भी बरकरार है। जाति और धर्म से परे भाई बहन के रिश्ते को दोनों बखूबी निभा रहे हैं। रक्षाबंधन पर राखी बांधने के लिए रश्मी त्यागी दिल्ली से बाह पहुंची तो भाई दूज को टीका कराने के लिए उबेश अली दिल्ली जाना नहीं भूलते। दरअसल रश्मी त्यागी का कोई सगा भाई नहीं है, भाई के रिश्ते की सभी रश्में उबेश अली निभाते चले आ रहे हैं। सोमवार को रश्मी त्यागी ने अपने बेटे मनश्वी की मेरठ से शादी की। भात भरने के लिए उबेश अली पहुंचे।




भात की परंपरा के निर्वहन के बाद ही शादी की रश्में निभाई गई। भाई बहन के रिश्ते के सदभाव को लेकर लोग चर्चा करते रहे। उबेश अली ने बताया कि 15 साल पहले वह आईआईटी कॉलेज में काम के लिए डीटीसी की बस से सफर कर रहे थे। दिल्ली के उत्तम नगर की रश्मी त्यागी बस में बतौर कंडक्टर थी। दिल्ली के बदरपुर बार्डर पर दोनों की मुलाकात हुई। रश्मी त्यागी का कोई भाई नहीं है, तभी से दोनों भाई बहन के रिश्ते की डोर में बंधे हैं। हर तीज त्यौहार के साथ यह डोर मजबूत हो रही है।

## सड़क बनी पार्किंग, जाम से थम रही रफ्तार

एनएनआई

**कासगंज (सिढ़पुरा)।** कस्बा सिढ़पुरा मेंआजकल इन दिनों सड़कों पर आड़े-तिरछे खड़े वाहनों ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। हालात यह हैं कि मुख्य मार्गों पर रोजाना भारी जाम लग जाता है, जिससे आम राहगीरों से लेकर वाहन चालकों तक को काफी देर तक इंतजार करना पड़ता है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि बाजार क्षेत्र और प्रमुख चौराहों पर बिना किसी नियम के वाहन खड़े कर दिए जाते हैं। नतीजा यह होता है कि थोड़ी ही देर में सड़कें संकरी पड़ जाती हैं और यातायात रेंगने लगता है। सबसे ज्यादा चिंता की बात तब होती है जब जाम में एम्बुलेंस और अन्य इमरजेंसी वाहन भी फंस जाते हैं। व्यापारियों और राहगीरों का मानना है कि यदि प्रशासन द्वारा सख्ती से नो-पार्किंग नियम लागू कराया जाए



और नियमित रूप से निगरानी की जाए, तो इस समस्या से काफी हद तक राहत मिल सकती है। कुछ लोगों ने बाजार के पास अलग से पार्किंग स्थल बनाने की भी मांग उठाई है, ताकि सड़कें अवरुद्ध न हों।

फिलहाल, सिढ़पुरा के लोग रोजाना जाम के झाम से जूझ रहे हैं और उम्मीद कर रहे हैं कि जल्द ही कोई ठोस कदम उठाया जाएगा, जिससे कस्बे की यातायात व्यवस्था पटरी पर लौट आए।

## लाखों के खर्च के बाद भी प्यासा सुताहरी का अमृत सरोवर

**बाह** एनएनआई। सरकार के लाखों रुपए खर्च कर अमृत सरोवर तो बना दिया, किंतु पानी बिना सरोवर खुद प्यासा सूख रहा है, ना ही इसमें खर्च हुए पैसों का लाभ ग्रामीणों को मिल पा रहा है।



पिनाहट की ग्राम पंचायत सुताहरी के उप गांव लालपुरा में ग्राम पंचायत द्वारा लाखों रुपए खर्च कर अमृत सरोवर बनाया गया है। किंतु निर्माण के बाद से ही ना तो इस सरोवर का रखरखाव किया गया है। नाही इसे भरने के लिए पानी की व्यवस्था की गई है। जिस कारण यह सरोवर सूखा पड़ा हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार के लाखों रुपए यहां बर्बाद हो रहे हैं। इसमें पानी नहीं भरने के कारण यह सूखा पड़ा हुआ है। इस कारण इसका उपयोग नहीं हो रहा है। जो भी निर्माण कार्य हुआ है। धीरे-धीरे वह भी खंडहर होता चला जा रहा है।

## समय से पहले ही लटक गया स्कूल पर ताला, बीईओ बोले होगी जांच

**बाह** एनएनआई। समय से पहले ही परिषदीय स्कूलों पर ताला लटकने का मामला सामने आया है। स्कूलों का समय सुबह 9 बजे से शाम 3 बजे तक है।



मौसम साफ होने के बाद भी परिषदीय स्कूल समय पर खुल और बंद नहीं हो रहे। एसआईआर में बीएलओ ड्यूटी से भी शिक्षण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। विकास खंड बाह के खजुआपुरा गांव के प्राथमिक विद्यालय पर दोपहर 2.40 बजे ताला लटका होने एवं चमरौआ गांव के पूर्व माध्यमिक विद्यालय पर 2.50 बजे ताला लटका होने की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुई हैं। तस्वीरों के वायरल होने के बारे में खंड शिक्षा अधिकारी अमरनाथ ने बताया कि जांच कराई जाएगी। दोषी पाए जाने पर जिम्मेदारों पर कार्यवाही होगी।

## सीकरी में 1900 नोटिस, 700 ने जमा किए दस्तावेज, 10 फरवरी तक मौका

**फतेहपुर सीकरी** एनएनआई। कस्बे के कुछ वार्डों में मतदाता सूची से नाम छूटने पर 1900 से अधिक निवासियों को नोटिस जारी किए गए हैं। नोटिस में 21 जनवरी से 10 फरवरी तक बीएलओ या खंड विकास अधिकारी कार्यालय में आवश्यक दस्तावेज जमा करने के निर्देश दिए गए थे। बता दे कि मंगलवार को खंड विकास अधिकारी कार्यालय



से जानकारी दी गई कि अब तक करीब 700 लोगों ने दस्तावेज जमा कर दिए हैं। शेष दिनों में अन्य आवेदनों के भी जमा होने की संभावना है। खंड विकास अधिकारी प्रेम पाल सिंह ने आम जनता से अपील की है कि निर्धारित समय-सीमा में दस्तावेज जमा कर वार्ड सूची में नाम जरूर जुड़वाएं। विभाग हर संभव सहायता दे रहा है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग कार्यालय पहुंच रहे हैं, जहां संतोषजनक तरीके से दस्तावेज स्वीकार किए जा रहे हैं।

## संपादकीय

# बजट का गणित

प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल का तीसरा बजट देश के सामने आ गया है।वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने निरंतर नौवां बजट लोकसभा में पेश किया है। देश की महिला वित्त मंत्री और यह निरंतरता वाकई एक कीर्तिमान है। 2026-27 के बजट में क्या प्रावधान किए गए हैं, किसके हिस्से, कितनी राशि आवंटित की गई है, विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के क्या अंतर्विरोध और खामियां हैं, करीब 378 लाख करोड़ रुपए की अर्थव्यवस्था में आम आदमी कितना सम्पन्न है, उसकी जेब में कितना पैसा है, इनमें से कुछ विसंगतियों का विश्लेषण करना जरूरी हैं।

केंद्रीय बजट में 2026-27 में 53,47,315 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। इसका 24 फीसदी हिस्सा कर्ज लेकर जुटाया जाएगा। बाकी रकम टैक्स और गैर कर स्त्रोतों से आएगी। सरकार जो खर्च करेगी, उसका 20 प्रतिशत हिस्सा पहले से मौजूद कर्ज का ब्याज चुकाने में जाएगा। 22 प्रतिशत हिस्सा उगाहे गए कर में राज्यों का हिस्सा देने, 11 प्रतिशत हिस्सा रक्षा, और दो प्रतिशत केंद्रीय कर्मचारियों के पेंशन पर खर्च हो जाएगा। इसके अलावा केंद्र के अपने प्रशासनिक खर्चे हैं। उन सबके बाद पूंजीगत निवेश के लिए लगभग 17 करोड़ (सवा 12 लाख करोड़ सीधे पूंजीगत निवेश और सवा पांच करोड़ पूंजीगत संपत्तियों के निर्माण के लिए सहायता अनुदान) के लिए बचेंगे। अगले वित्त वर्ष में केंद्र लगभग 17 लाख करोड़ रुपये के नए कर्ज लेगा।मगर इससे भी प्रस्तावित खर्च पूरा नहीं होगा। कुल मिलाकर 4.3 प्रतिशत का राजकोषीय घाटा रह जाएगा। यह पेश हुए आम बजट का सीधा गणित है। जब सरकार का लगभग एक चौथाई बजट कर चुकाने पर खर्च होने लगा है, तो समझा जा सकता है कि देश की वास्तविक आर्थिक स्थिति क्या है। पिछले साल केंद्र ने 14 लाख करोड़ रुपये का कर्ज लिया। इस वर्ष उससे तीन लाख करोड़ रुपये अधिक लेने का इरादा उसने रखा है, तो उसकी वजह यही है कि अब ऋण चुकाने के लिए ऋण लेना पड़ रहा है। चालू वित्त वर्ष में केंद्र ने आय कर और जीएसटी दरों में छूट देकर अपने लिए प्रत्यक्ष एवं परोक्ष दोनों करों से होने वाले आय को घटाया। नतीजतन, उसे और अधिक ऋण लेना पड़ेगा। सरकार चाहती, तो कॉरपोरेट टैक्स में 2019 में दी गई छूट वापस लेकर तथा धनी लोगों पर नए कर लगाकर राजकोषीय सेहत सुधार सकती थी। अब उसकी कुल आमदनी में कॉरपोरेट टैक्स का हिस्सा 18 फीसदी ही रह गया है, जबकि (व्यक्तिगत आयकर 21 प्रतिशत, जीएसटी 15 प्रतिशत, उत्पाद एवं कस्टम 10 प्रतिशत मिला दें, तो) आम लोगों का कर योगदान 46 फीसदी तक पहुंच गया है। यह प्रतिगामी सूरत है। मगर इसे सुधारने के बजाय सरकार और ऋण लेकर वर्तमान एंव भावी पीढ़ियों पर बोझ बढ़ा रही है।बेशक हम चौथी आर्थिक महाशक्ति हैं, लेकिन भारत में आज भी प्रति व्यक्ति आय 2.34 लाख रुपए सालाना क्यों है? और देश विश्व में 140वें स्थान पर क्यों है? बीते पांच साल में हमारा निर्यात क्यों नहीं बढ़ रहा है और आयात का बोझ बढ़ता जा रहा है? नतीजतन 2024-25 में व्यापार घाटा 24 लाख करोड़ रुपए है। बीते 10 सालों के दौरान विदेशी निवेश में गिरावट क्यों जारी है? ताजा आंकड़ों के मुताबिक, नवंबर 2025 में विदेशी निवेश 9730 करोड़ रुपए था, जो 63 फीसदी कम हुआ है। घरेलू बड़ी कंपनियां भी अपने देश में निवेश बहुत कम कर रही हैं, जबकि विदेशों में उनका निवेश 14 अरब डॉलर से बढ़ कर 24 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। कारपोरेट का यह नकारात्मक रुख क्यों है? ह्वआर्थिक सर्वेक्षणह्ल में हमारी जीडीपी की विकास दर 6.8 फीसदी से 7.2 फीसदी का अनुमान दिया गया है, लेकिन डॉलर की तुलना में हमारी मुद्रा ह्वरुपएह्ल का अवमूल्यन देखें, तो यह विकास दर मात्र 1.5 फीसदी बनती है। क्या इसी आधार पर भारत 2047 तक ह्वविकसित राष्ट्रह्ल बन सकता है?हमारे 11 बड़े राज्यों पर अभूतपूर्व कर्ज है और देश पर भी कर्ज का बोझ करीब 225 फीसदी बढ़ गया है, नतीजतन प्रत्येक भारतीय पर औसतन 4.8 लाख रुपए का कर्ज है।बेरोजगारी, महंगाई और गरीबी की जो दरें हमारे सामने आती हैं, वे सरकारी और अर्द्धसत्य हैं।बीमा क्षेत्र दुनिया में सबसे निचले स्तर पर है, क्योंकि लोग बीमे को लेकर जागरूक ही नहीं हैं और देश में बीमा बहुत महंगा है। बहरहाल वित्त मंत्री ने बजट में कुछ अहं घोषणाओं, योजनाओं, कारिडोर, पार्क संबंधी प्रस्ताव रखे हैं। उनमें विकास पर सरकारी पूंजीगत व्यय के लिए 12.2 लाख करोड़ रुपए का रिकार्ड आबंटन किया गया है। सरकार ने ग्लोबल बायो फार्मा हब और सेमीकंडक्टर मिशन के लिए क्रमशः 10,000 और 40,000 करोड़ रुपए तय किए हैं। ये मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र के लिए महत्त्वपूर्ण है। हालांकि जीडीपी में इस क्षेत्र का योगदान घटकर 12-13 फीसदी तक आ गया है।चिकित्सा और धार्मिक पर्यटन की भी योजनाएं हैं। हर जिले में अस्पताल और महिला छात्रावास होगा।बजट में दावा किया गया है कि 10 सालों के दौरान 25 करोड़ लोग ह्वगरीबी से बाहरह्ल निकाले गए हैं। फिर भी 81 करोड़ से अधिक लोगों को प्रति माह ह्वमुफ्त अनाजह्ल बांटा जा रहा है। इस तरह कई विरोधाभास और सवाल बजट के वक्त उभरे हैं, जिनका जवाब प्रधानमंत्री ही दे सकते हैं। आने वाले समय में इस बजट से आम नागरिक को कितनी राहत मिलती है और मध्यम वर्ग के लिए जीवनयापन करना कितना संभव होता है। बहरहाल सरकार अपने वादे पर कितनी खरी उतरती है, यह देखना होगा।



# बोर्ड परीक्षा 2026
# विद्यार्थियों के लिए ज्योतिषीय मार्गदर्शन उपाय



डॉ. शिल्पा जैन
ज्योतिषाचार्य



**मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता। अत: किसी भी क्षेत्र में सफलता पाने के लिए मेहनत की आवश्यकता होती है। मेहनत के साथ अगर ग्रहों का भी योगदान तो ऊँचाई तक पहुँचने पर कोई भी रोक नहीं सकता है। यदि सूरज की तरह चमकना है तो सूरज की तरह जलना भी होगा। अपने कार्य में सफल होने के लिए एकाग्रचित होकर अपने लक्ष्य पर ध्यान देना होता है।**

मेहनत के साथ अगर ग्रह अनुकूल होते हैं तो कामयाबी आसान हो जाती है। बोर्ड परीक्षाएं हर विद्यार्थी के जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव होता है। यह केवल ज्ञान की ही नहीं बल्कि आत्मविश्वास मानसिक संतुलन और सही दिशा का भी इम्तिहान होता है। ज्योतिषशास्त्र के अनुसार यदि इस समय ग्रहों का सहयोग सही प्रकार से लिया जाए तो मेहनत का फल कई गुना बढ़ जाता है।

**बोर्ड की परीक्षा के दौरान विशेष बातों का ध्यान रखना चाहिए-**

देर रात तक जागने से बचे ब्रह्म मुहूर्त या प्रातः काल पढ़ाई अधिक फलदायी होती है। मोबाइल और सोशल मीडिया से दूरी बनाए रखें। यह समय एकाग्रता का होता है हल्का व सात्विक भोजन ने तला भुना अधिक मसालेदार भोजन मन को अशांत करता है नकारात्मक बातों से दूर रहे जैसे कि मैं नहीं कर पाऊंगा। ऐसे विचार सबसे बड़े शत्रु होते हैं। माता पिता व गुरुजनों का आशीर्वाद लें ये सबसे बड़ा कवच है।

परीक्षा शुरू होने से पहले इक्कीस दिन तक या रोज इक्कीस बार ओम गं गणपतये नम का एक सौ आठ बार जाप करें।

पढ़ाई की टेबल पर पीले या सफेद रंग का कपड़ा बिछाएँ।उसके ऊपर मां सरस्वती को स्थापित करें और रोज मां सरस्वती के सामने दीपक अर्पित करें। बुधवार को और गुरुवार को गाय को हरा चारा या चरा दाल खिलाए।

मेष राशि के विद्यार्थी परीक्षा से पहले लाल रूमाल में गुड़ बाँधकर अपने पास रखें और हनुमानजी का स्मरण करें

वृष राशि के विद्यार्थी मां सरस्वती को सफेद फूल अर्पित करें और परीक्षा वाले दिन सफेद कपड़े पहने या सफेद रुमाल अपने पास रखे

मिथुन राशि के विद्यार्थी गणेशजी को दुर्वा चढ़ाये। हरे रंग की पैनी या हरा रूमाल अपने पास रखे और इलायची का सेवन करें

कर्क राशि के विद्यार्थी शिवजी का जलाभिषेक करें और छोटा चांदी का सिक्का अपने पास रखें। दूध और केला का सेवन ज्यादा करें

सिंह राशि के विद्यार्थी सूर्य को जल अर्पित करें।लाल तिलक लगायें और भिंगोया व बादाम खाये

कन्या राशि के विद्यार्थी गणेशजी को लड्डू अर्पित करें और किशमिश और सेब का सेवन करें

तुला राशि के विद्यार्थी मां लक्ष्मी का स्मरण करें।अपने पास सफेद रुमाल रखें नारियल का सेवन अधिक करें

वृश्चिक राशि के विद्यार्थी हनुमान चालीसा का पाठ करें। शहद और केला का सेवन अधिक करें

धनु राशि के विद्यार्थी अपने गुरु का स्मरण करें।पीली वस्तु अपने पास रखें हल्दी वाला दूध और चना का सेवन ज्यादा करें

मकर राशि के विद्यार्थी नीला पेन का इस्तेमाल करें।तिल का लड्डू और खजूर का सेवन ज्यादा करें

कुंभ राशि के विद्यार्थी शिवजी का ध्यान करें। परीक्षा से पहले गहरी सांसे लें अखरोट और शहद का सेवन ज्यादा करें

मीन राशि के विद्यार्थी मां सरस्वती की पूजा करें।पीला रुमाल अपने पास रखें केला और दूध का सेवन ज्यादा करें

## कुछ बातें विद्यार्थी हमेशा ध्यान रखें

डर को दिल से निकाल कर आगे बढ़ जाना। हर प्रश्न में छुपा है एक नया अफसाना जो आज थककर भी रुका नहीं विद्यार्थी। वही कल सफलता का इतिहास बनाना

किताबों में जो सपने सजाए जाते हैं वही पन्नों से निकलकर सज बन जाते हैं बस विश्वास रखो अपनी मेहनत पर सफल वही होते हैं जो हार नहीं मानते हैं

परीक्षा केवल अंक नहीं पढ़ती। यह धैर्य साहस और विश्वास सिखाती है जो मुस्कुराकर कलम उठाता है। जीत उसी के कदम चूम जाती है। मेहनत की स्याही से लिखा गया हर उत्तर एक दिन सफलता की कहानी बन जाता है और अगर ग्रह भी अनुकूल हो तो वही छात्र इतिहास लिख डालता है

इन्हीं शब्दों के साथ मैं डॉ॰ शिल्पा जैन सभी विद्यार्थियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं देती हैं मां सरस्वती का आशीर्वाद सबों पर बना रहे। यही शुभकामनाएं।



# चाइल्ड आर्टिस्ट से 'रंगीला गर्ल' तक, 52 वर्ष की हुई उर्मिला मातोंडकर

90 के दशक में अपनी अदाओं और अभिनय से दर्शकों के दिलों पर राज करने वाली अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर आज 52 वर्ष की हो गई। उन्होंने महज सात वर्ष की उम्र में फिल्मी दुनिया में कदम रखा था और बाल कलाकार के रूप में पहचान बनाई। उर्मिला को असली लोकप्रियता वर्ष 1995 में आई फिल्म 'रंगीला' से मिली, जिसने उन्हें रातोंरात स्टार बना दिया। इसके बाद उन्होंने कई सफल फिल्मों में अभिनय किया। फिल्मी करियर के बाद उर्मिला ने राजनीति में भी कदम रखा और वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में उत्तर मुंबई सीट से चुनाव लड़ा, हालांकि उन्हें सफलता नहीं मिल सकी। आज भी उर्मिला मातोंडकर अपने सशक्त व्यक्तित्व और अलग पहचान के लिए जानी जाती हैं।

## सनातन को बदनाम करने की कोशिशों पर इशिका तनेजा का तीखा प्रहार



मुंबई। फिल्मी दुनिया से दूरी बनाकर सनातन धर्म और अध्यात्म के मार्ग पर अग्रसर अभिनेत्री इशिका तनेजा ने सनातन को बदनाम करने वालों पर कड़ी नाराजगी जताई है। साध्वी प्रेम बाईसा की संदिग्ध मौत को लेकर बढ़ती चर्चाओं के बीच इशिका ने कहा कि कुछ लोग अपने निजी कृत्यों की आड़ में पूरे सनातन धर्म को कटघरे में खड़ा करने का प्रयास कर रहे हैं, जो पूरी तरह अनुचित है। इशिका तनेजा ने धर्म को व्यवसाय बनाने की प्रवृत्ति पर सवाल उठाते हुए कहा कि सनातन धर्म सेवा, समर्पण और आत्मिक शुद्धता का मार्ग है, न कि लाभ कमाने का माध्यम। उन्होंने कहा कि जब लोग स्वयं को साध्वी या संत घोषित कर गलत आचरण करते हैं और बाद में पकड़े जाने पर पूरे धर्म को दोष देते हैं, तो यह सनातन की मूल भावना के खिलाफ है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सनातन धर्म का स्वरूप समावेशी और उदार है। जो व्यक्ति सच्चे भाव और सेवा भावना के साथ इससे जुड़ता है, उसे समाज और संतों का स्वतः समर्थन मिलता है। इशिका ने कई आध्यात्मिक गुरुओं का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्हें मिला आशीर्वाद उनके प्रचार से नहीं, बल्कि समर्पण और निष्ठा से जुड़ा है।



## छवि के दुरुपयोग पर सख्त रुख विवेक ओबेरॉय पहुंचे दिल्ली हाईकोर्ट

बॉलीवुड अभिनेता विवेक ओबेरॉय ने अपने व्यक्तित्व अधिकारों की रक्षा के लिए दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। अभिनेता का आरोप है कि उनके नाम, तस्वीर, आवाज और पहचान का विभिन्न डिजिटल मंचों और वेबसाइटों पर बिना अनुमति के उपयोग किया जा रहा है। याचिका के माध्यम से उन्होंने कहा है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डीपफेक तकनीक के बढ़ते इस्तेमाल से सेलेब्रिटीज की छवि को नुकसान पहुंच रहा है। विवेक ओबेरॉय की ओर से अधिवक्ता सना रईस खान ने अदालत में पक्ष रखा कि व्यक्तित्व अधिकार व्यक्ति की गरिमा और निजता से जुड़े हैं। अभिनेता ने अदालत से मांग की है कि भविष्य में किसी भी व्यावसायिक या प्रचारात्मक उपयोग से पहले उनकी स्पष्ट अनुमति अनिवार्य की जाए।

# दिल्ली कैपिटल्स लगातार चौथी बार फाइनल में

## गुजरात को सात विकेट से हराया



**वडोदरा।** दिल्ली कैपिटल्स ने एलिमिनेटर मुकाबले में गुजरात जाएंट्स को हराकर महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। गुजरात जाएंट्स ने बेथ मूनी के नाबाद अर्धशतक की मदद से 20 ओवर में सात विकेट पर 168 रन बनाए। जवाब में दिल्ली ने 15.4 ओवर में तीन विकेट पर 169 रन बनाकर सात विकेट से जीत दर्ज की। यह लगातार चौथी बार है जब दिल्ली की टीम खिताबी मुकाबले में पहुंची है। अब उसका सामना फाइनल में पांच फरवरी को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से होगा। दिल्ली ने अब तक कभी डब्ल्यूपीएल का खिताब नहीं जीता है और उसके पास अपनी पहली ट्रॉफी जीतने का अवसर होगा। लक्ष्य का पीछा करते हुए शेफाली वर्मा और लिजेली ली ने दिल्ली कैपिटल्स को मजबूत शुरूआत दिलाई। इन दोनों बल्लेबाजों ने आक्रामक बल्लेबाजी की और पहले विकेट के लिए 89 रन जोड़े। इस साझेदारी को जॉर्जिया वारेहम ने लिजेली को आउट कर तोड़ा। लिजेली 24 गेंदों पर आठ चौकों और एक छक्के की मदद से 43 रन बनाकर आउट हुईं। इसके तुरंत ही बाद जॉर्जिया ने शेफाली को बोल्ड कर पवेलियन भेजा। शेफाली ने 21 गेंदों पर सात चौकों की मदद से 31 रन बनाए।

### वोलवार्ट-जेमिमा चमकीं



दो झटके लगने के बाद लाउरा वोलवार्ट और कप्तान जेमिमा रॉड्रिग्स ने पारी आगे बढ़ाई। इन दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 41 गेंदों पर 68 रनों की साझेदारी हुई। हालांकि, दिल्ली जीत दर्ज कर पाती उससे पहले ही राजेश्वरी गायकवाड़ ने जेमिमा को पवेलियन भेजा। जेमिमा 23 गेंदों पर चार चौकों और एक छक्के की मदद से 41 रन बनाकर आउट हुईं। वोलवार्ट अंत तक टिकी रहीं और मारिजाने काप ने दिल्ली को चौथा लगातार जीत दिलाई। वोलवार्ट 24 गेंदों पर दो चौकों और एक छक्के की मदद से 32 रन बनाकर नाबाद रहीं, जबकि काप ने तीन गेंदों पर एक चौका के सहारे नाबाद चार रन बनाए। गुजरात के लिए वारेहम को दो और राजेश्वरी को एक विकेट मिला।



### गुजरात की रही खराब शुरूआत

गुजरात के लिए बेथ मूनी और सोफी डिवाइन पारी की शुरूआत करने उतरे, लेकिन गुजरात को सोफी डिवाइन के रूप में पहला झटका लगा। डिवाइन नौ गेंदों पर एक चौके की मदद से छह रन बनाकर आउट हुईं। इसके बाद नंदिनी शर्मा ने गुजरात को लगातार दो गेंदों पर दो झटके दिए। उन्होंने अनुष्का को आउट कर गुजरात को दूसरा झटका दिया। अनुष्का अच्छी बल्लेबाजी कर रही थीं, लेकिन चिनेली ने उनका शानदार कैच पकड़ा। अनुष्का 13 गेंदों पर दो चौकों की मदद से 16 रन बनाकर आउट हुईं। इसके बाद अगली ही गेंद पर एश्ले गार्डनर खाता खोले बिना पवेलियन लौट गईं। कनिका नौ गेंदों पर छह रन बनाकर चौथे बल्लेबाज के रूप में आउट हुईं।

# भारत के लिए मैच जीतने की कोशिश हमेशा जारी रहेगी

## पद्म श्री से सम्मानित होने पर रोहित ने जताया आभार



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने 'पद्म श्री' से सम्मानित होने पर आभार जताते हुए इसे अपने और परिवार के लिए एक खास पल बताया है। रोहित का कहना है कि वह भारत के लिए मैच जीतना जारी रखेंगे। 'पद्म श्री' से सम्मानित होने को रोहित शर्मा ने खास पल बताते हुए उन सभी लोगों को धन्यवाद दिया है, जिन्होंने क्रिकेट करियर में उनका साथ दिया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर दूरदर्शन स्पोर्ट्स की ओर से शेयर किए गए वीडियो में रोहित ने कहा, पद्म श्री मिलना मेरे और मेरे परिवार के लिए बहुत खास पल है। मैं इस सम्मान के लिए भारत सरकार का धन्यवाद करता हूं। मैं उन सभी लोगों का भी आभारी हूं, जिन्होंने मेरे करियर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

अपने देश के लिए मैच और ट्रॉफियां जीतने की मेरी कोशिश हमेशा जारी रहेगी। धन्यवाद। जय हिंद। रोहित शर्मा ने साल 2007 में इंटरनेशनल डेब्यू किया था। पिछले 19 वर्षों में वह तीनों फॉर्मेट में भारत के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक रहे। उन्होंने बतौर बल्लेबाज और कप्तान, भारतीय क्रिकेट में एक महत्वपूर्ण छाप छोड़ी है। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 की ट्रॉफी जीतकर सबसे छोटे फॉर्मेट में आईसीसी खिताब का लंबा इंतजार खत्म किया। अगले ही साल भारत को चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब भी जिताया। रोहित शर्मा ने अपने टेस्ट करियर में 67 मैच खेले, जिसकी 116 पारियों में 40.57 की औसत के साथ 4,301 रन बनाए। इस दौरान 12 शतक और 18 अर्धशतक लगाए। इसके अलावा, उन्होंने 282 वनडे मुकाबलों में 48.84 की औसत से 11,577 रन बनाए। इस दौरान 33 शतक और 61 अर्धशतक लगाए।

# विश्व चैंपियन गुकेश नॉर्वे शतरंज में खेलेंगे, कार्लसन सहित कई स्टार खिलाड़ी भी होंगे शामिल



**नई दिल्ली।** मौजूदा विश्व चैंपियन भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश मई में नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे जिसमें दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी और गत चैंपियन मैग्नस कार्लसन सहित कई स्टार खिलाड़ी शिरकत करेंगे। गुकेश ने 25 मई से पांच जून तक होने वाले इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने की पुष्टि कर दी है। यह दुनिया के सबसे कड़े शतरंज टूर्नामेंट में से एक होगा। यह प्रतियोगिता अपने पारंपरिक स्थल स्टेवेंगर से ओस्लो में स्थानांतरित होने वाली है। पिछले साल ओपन वर्ग में तीसरे स्थान पर रहे भारतीय स्टार गुकेश खेल के इतिहास में सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन के रूप में ओस्लो आएंगे। गुकेश ने कहा, मैं नॉर्वे शतरंज में फिर से हिस्सा लेकर बहुत खुश हूं। हमेशा की तरह बहुत मजबूत खिलाड़ियों के खिलाफ मुकाबला करूंगा और सभी रोमांचक बाजियों का इंतजार कर रहा हूं।

# बुधवार, 04 फरवरी राशिफल

मेष राशि वालों के लिए आज का दिन 'सुपर-एक्टिव' रहने वाला है। आपके राशि स्वामी मंगल देव कर्म भाव में उच्च के हैं, जिसका अर्थ है कि आज आप जो भी ठान लेंगे, उसे पूरा करके ही दम लेंगे। आपके भीतर एक ऐसी मैग्नेटिक ऊर्जा रहेगी कि लोग आपसे जुड़ना चाहेंगे।

वृषभ राशि के जातकों के लिए आज का दिन 'संयम और सफलता' का है। भाग्य भाव में बैठे शुक्र, सूर्य और मंगल आपको एक शाही अनुभव कराएंगे। आपकी प्रैक्टिकल सोच और मीठी वाणी आज किसी भी बिगड़े काम को बना सकती है। आज लोग आपसे सलाह लेने आएंगे।

मिथुन राशि के लोग आज काफी 'स्मार्ट और कूटनीतिक' मूड में रहेंगे। बुध देव की कृपा से आपकी बोलने की कला आज आपकी सबसे बड़ी ताकत है। किसी भी मीटिंग या प्रेजेंटेशन में आप अपनी धाक जमा देंगे। आज आप बहुत कुछ नया सीखने के मूड में रहेंगे।

कर्क राशि वालों के लिए आज का दिन अपनी 'इनर स्ट्रेंथ' को पहचानने का है। राशि स्वामी चंद्रमा धन भाव में हैं, जो पारिवारिक सुख और धन लाभ के द्वार खोल रहे हैं। आज आप दूसरों की मदद के लिए तैयार रहेंगे, जिससे आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

सिंह राशि के लोगों के लिए आज का दिन 'किंग' की तरह शासन करने का है। चंद्रमा आपकी ही राशि में गोचर कर रहे हैं, जो आपके व्यक्तित्व में एक अलग ही तेज और आकर्षण पैदा करेंगे। आप जहां भी जाएंगे, लोग आपकी उपस्थिति को महसूस करेंगे।

कन्या राशि वालों के लिए आज का दिन 'डिसिप्लिन और एनालिसिस' का है। बुध की कृपा से आपकी मैनेजमेंट स्किल्स आज चरम पर होंगी। आप आज सबसे कठिन फाइलों और उलझे हुए कामों को भी सुलझा लेंगे। आपकी सलाह ऑफिस में गेम-चेंजर साबित हो सकती है।

तुला राशि वालों का मन आज समाज कल्याण और रिश्तों में सामंजस्य बिठाने में लगेगा। आपकी कूटनीतिक सोच आज घर और दफ्तर के बीच एक परफेक्ट बैलेंस बनाने में मदद करेगी। करियर में सुबह से ही कुछ अच्छे समाचार मिल सकते हैं।

वृश्चिक राशि वाले आज पूरी तरह 'एक्शन मोड' में रहेंगे। राशि स्वामी मंगल का उच्च का होना आपको एक अजेय योद्धा की तरह महसूस कराएगा। आप अपने लक्ष्यों की ओर बहुत तेजी से बढ़ेंगे। रिसर्च और तकनीकी क्षेत्र के लोगों के लिए आज का दिन बड़ी सफलता लेकर आ सकता है।

धनु राशि के जातकों के लिए आज का दिन 'सोच-विचार और भविष्य की प्लानिंग' का है। वक्री बृहस्पति आपको अपनी पिछली गलतियों से सीखकर आगे बढ़ने की प्रेरणा दे रहे हैं। हालांकि, आज मन में थोड़ी अनिश्चितता रह सकती है या किसी काम में देरी होने से झुंझलाहट हो सकती है।

मकर राशि वाले आज 'सफलता के शिखर' पर नजर आएंगे। आपकी राशि में मंगल देव का उच्च का होना आपको एक ऐसी शक्ति दे रहा है कि आप पर्वत को भी हिलाने का दम रखते हैं। आपकी कार्यक्षमता आज सबको प्रभावित करेगी।

कुंभ राशि वालों के लिए आज का दिन 'इनोवेशन और बदलाव' का है। आपके अपने विचार आज सबको चौका सकते हैं। बुध और राहु की युति आपको बहुत शार्प बनाएगी। हालांकि, आपको अपनी वाणी पर कंट्रोल रखना होगा, वरना बनते काम बिगड़ सकते हैं।

मीन राशि के लोगों के लिए आज का दिन 'सपनों को हकीकत में बदलने' का है। आपकी इन्टूशन बहुत ही सटीक काम करेगी, जिससे आप आने वाली बाधाओं को पहले ही भांप लेंगे। आज आप काफी क्रिएटिव और दयालु महसूस करेंगे।



**डॉ. शिल्पा जैन**
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# देहरी पर अर्पित श्रद्धा, कन्याओं में साकार हुई मां

- भारत विकास परिषद अमृतम शाखा द्वारा करौली राजस्थान में आयोजित किया गया भव्य आयोजन

एनएनआई

**आगरा।** राजराजेश्वरी कैला देवी ट्रस्ट आश्रम, करौली में भारत विकास परिषद अमृतम शाखा, आगरा द्वारा आयोजित कैला महारानी सेवा उत्सव का द्वितीय एवं अंतिम दिवस मंगलवार को पूर्ण श्रद्धा, भक्ति और सेवा भाव के साथ संपन्न हुआ। ब्रह्म मुहूर्त में मां कैला मैया की पावन देहरी के पूजन के साथ प्रारंभ हुए आयोजनों ने पूरे दिन आश्रम परिसर को भक्तिमय वातावरण में सराबोर कर दिया।



द्वितीय दिवस का शुभारंभ प्रातः ब्रह्म मुहूर्त में मां कैला मैया के मंदिर की देहरी पूजन के साथ हुआ। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजन कर माता से परिवार, समाज और राष्ट्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके उपरांत मां कैला मैया को श्रद्धापूर्वक छप्पन भोग अर्पित किया गया, जिसमें विविध व्यंजनों के माध्यम से भक्तों ने अपनी भक्ति और समर्पण भाव प्रकट किया।

इस अवसर पर कन्या लांगुरा पूजन का आयोजन भी किया गया, जिसमें कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर उनका पूजन कर उन्हें प्रसाद, वस्त्र एवं उपहार प्रदान किए गए। कन्या पूजन के दौरान ह्या देवी सर्वभूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिताह्व के मंत्रोच्चार से वातावरण भावविभोर हो उठा। इसके पश्चात श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने पंक्ति में बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। भारत विकास परिषद अमृतम शाखा के अध्यक्ष कुलभूषण गुप्ता, राम भाई ने कहा कि

कैला महारानी सेवा उत्सव भक्ति के साथ-साथ सेवा और संस्कार का पर्व है। ब्रह्म मुहूर्त से लेकर भंडारे तक प्रत्येक आयोजन में मां कैला मैया की कृपा स्पष्ट रूप से अनुभव की गई। इस सेवा उत्सव का उद्देश्य समाज में आस्था, एकता और सेवा भावना को सुदृढ़ करना है। मां की कृपा से यह आयोजन भविष्य में और व्यापक स्वरूप ले—यही हमारी प्रार्थना है। कार्यक्रम में संस्थापक संरक्षक उमेश बाबू अग्रवाल, आरएस गुप्ता, विजय अग्रवाल, नितेश अग्रवाल, श्रीनाथ गुप्ता, लव कुश मिश्रा, उपाध्यक्ष महिला प्रभारी रेखा राज अग्रवाल, अलका गुप्ता, प्रीति गोयल, साक्षी जैन, ज्योति मोहन, पारुल जिंदल, पुनीत कविता अग्रवाल, आलोक कविता अग्रवाल, मुकुल मनीष बंसल, हेमंत ऋषि सिंगल, डॉ. प्रतीक आरती अग्रवाल, सुनील निकिता बंसल, रामकिशन सारिका, राजेंद्र राधा, मनोज झरना, बृजमोहन रेपुरिया, राजीव गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# महिला रोगी की सफलतापूर्वक मायोमेक्टॉमी सर्जरी

एनएनआई



**आगरा।** सरोजिनी नायडू मेडिकल कॉलेज (एसएनएमसी), के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग ने चिकित्सा क्षेत्र में एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। प्राचार्य प्रो. (डॉ.) प्रशांत गुप्ता के कुशल नेतृत्व में विभाग की टीम ने 36 वर्षीय महिला रोगी में गर्भाशय को सुरक्षित रखते हुए जटिल मायोमेक्टॉमी सर्जरी सफलतापूर्वक की गई। उक्त महिला रोगी प्राथमिक बांझपन और पेट दर्द की समस्या से पीड़ित थी। सर्जरी के दौरान कुल 16 यूटेराइन फाइब्रॉइड (मायोमा) निकाले गए, जिनमें एक बड़ा 8 .8 सेंटीमीटर का फाइब्रॉइड भी शामिल था। अत्यंत जटिल ऑपरेशन होने के बावजूद चिकित्सकों ने गर्भाशय को सुरक्षित रखा, जिससे रोगी की भविष्य में मातृत्व की संभावना बनी रहे। यह जटिल सर्जरी प्रो. (डॉ.) अनु पाठक के निर्देशन में की गई। स्त्री रोग विभाग की टीम में डॉ. दिव्या यादव, डॉ. नीलांशा, डॉ. श्वेता, डॉ. अंशु, डॉ. ज्योत्सना, डॉ. गरिमा, डॉ. दीक्षा एवं डॉ. रुपल शामिल रहीं। एनेस्थीसिया सहयोग डॉ. मिहिर गुप्ता, डॉ. अनुभव, डॉ. अभिषेक एवं डॉ. कृति द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर एसएनएमसी आगरा के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) प्रशांत गुप्ता ने कहा,यह उपलब्धि हमारे संस्थान के डॉक्टरों की उच्च स्तरीय विशेषज्ञता, टीमवर्क और रोगी-केंद्रित दृष्टिकोण को दर्शाती है। एसएनएमसी निरंतर अत्याधुनिक एवं सुरक्षित चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि रोगियों को सर्वोत्तम उपचार मिल सके।

# होली पब्लिक जूनियर कॉलेज के छात्रों का सम्मान

- विद्यालय के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय कला उत्सव-2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जनपद का नाम प्रदेश स्तर पर रोशन किया

एनएनआई




**आगरा।** समग्र शिक्षा (माध्यमिक) के अंतर्गत आयोजित पठन-संस्कृति उत्सव कार्यक्रम में राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज, लखनऊ में अपर मुख्य सचिव पार्थ शास्त्री सेन शर्मा द्वारा विद्यालय के छात्र कुलदीप, देव चाहर, कृष्णा कुलश्रेष्ठ एवं ऋषभ सोनी को नृत्य (समूह) विधा में उत्कृष्ट प्रस्तुति हेतु स्पेशल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस दौरान होली पब्लिक जूनियर कॉलेज की प्रधानाचार्या सोनिका चौहान तथा कला उत्सव के नोडल अधिकारी अनिल वशिष्ठ भी मौजूद रहे। इस सफलता का श्रेय विद्यालय के कोरियोग्राफर सौरभ निमल को जाता है, जिनके कुशल निर्देशन, रचनात्मक कोरियोग्राफी एवं निरंतर मार्गदर्शन से विद्यार्थियों ने यह मुकाम हासिल किया। स्कूल के चेयरमैन संजय तोमर ने सभी बच्चों शुभकामनाएं दीं।

# पंचदिवसीय धार्मिक आयोजन का शुभारंभ



एनएनआई

**आगरा।** केदार नगर (शाहगंज) स्थित सद्गुरु स्वामी टेऊँराम आश्रम में चल रहे पंचदिवसीय धार्मिक आयोजन का शुभारंभ प्रथम दिन श्रद्धा, भक्ति और सत्संग के भावपूर्ण वातावरण में हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रेम प्रकाश ग्रंथ एवं श्रीमद्भागवत गीता के पावन पाठों की विधिवत आरंभता की गई।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम स्वामी टेऊँराम आश्रम की मुख्य सेविका भगवंती साजनानी ने ग्रंथ वाचन कर श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक रस से सराबोर किया, इसके पश्चात सत्संग के माध्यम से भक्तों के मध्य भक्ति एवं ज्ञान की वर्षा हुई, जिससे समूचा आश्रम परिसर भक्तिमय वातावरण से ओत-प्रोत हो गया। प्रथम दिन के कार्यक्रम का समापन आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से विनोद साजनानी,श्याम भोजवानी, जगदीश मोहनानी, प्रताप राय, मनीष, अमित, रेखा, बेबी, वैशाली, शीला, भावना, जानकी, पूजा, चंद्रा एवं वंदना सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

